* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

08 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 289

चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की पहली तस्वीर भेजी



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## मुख्यमंत्री ने बोकारो को 292 करोड़ की 62 योजनाओं की दी सौगात

# झारखंड को सशक्त और विकसित राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है : हेमंत

- बोकारो में दिवंगत जगरनाथ महतो के नाम से बनेगा मेडिकल कॉलेज
- डुमरी विधानसभा क्षेत्र में नेतरहाट की तर्ज पर खुलेगा आवासीय विद्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड बदल रहा है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा नहीं हो जाता। वह सोमवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तारानारी में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड को एक सशक्त और मजबूत राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बोकारो में दिवंगत जगरनाथ महतो के नाम पर मेडिकल कॉलेज खुलेगा। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, आवासीय विद्यालय, आवासीय बालिका विद्यालय और आइटीआइ के अलावा नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर एक विद्यालय का निर्माण कराया जायेगा।

**गांव मजबूत बनेगा, तभी राज्य और देश मजबूत होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत बनेगा, जब राज्य मजबूत होगा और राज्य की मजबूती के लिए गांव का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। किसानों और मजदूरों के हित को केंद्र में रखकर कई योजनाएं चलायी जा रही हैं और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

**अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बना रहे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की भूमि रही है। देश की आजादी के खातिर यहां के कई वीरों ने अपनी कुर्बानी दे दी, तो अलग झारखंड राज्य के संघर्ष में भी हजारों-हजार लोग वर्षों तक आंदोलन करते रहे। अब हमें अपने वीरो-शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाना है और इस दिशा में सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है।

**युवा पीढ़ी को दे रहे संबल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो, युवा पीढ़ी अपने पैरों पर खड़ा हो सके, इसके लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संबल देने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जो विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है । उन्होंने कहा कि आप सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान रखें। आपकी पढ़ाई से लेकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों और मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के लिए सरकार सारा खर्च देगी।

**कई योजनाओं की मिली सौगात :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 292 करोड़ 54 लाख 23 हजार रुपये की 62 योजनाओं की सौगात बोकारो जिले वासियों को दी। इसमें 18 करोड़ 14 लाख 33 हजार रुपये की 37 योजनाओं का उद्घाटन और 274 करोड़ 39 लाख 90 हजार रुपये की 25 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, 11 हजार 186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बेबी देवी, योगेंद्र प्रसाद महतो (राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त), विधायक कुमार जयमंगल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीआइजी कन्हैया लाल मयूर पटेल और बोकारो के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद थे।



### झारखंड देश का पहला राज्य, जहां सभी बुजुर्गों को मिलती है पेंशन

सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे हमारी सरकार को गिराने में लगे रहते हैं। बाबूलाल जी को कई बार वे सपने में भी मुख्यमंत्री बना चुके हैं। केंद्र सरकार की एजेंसियां विधायक को खरीदने में लगी रहती हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर की हालत ऐसी हो गयी है कि वहां के लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गये हैं। यही हरियाणा में भी हो रहा है। ये लोग पूरे देश में जात, पात और धर्म की लड़ाई कराकर राजनीतिक रोटी सेंकने में लगे हैं। सीएम ने कहा देश का यह पहला राज्य है, जहां सभी बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है।

# राहुल गांधी की सांसदी बहाल 137 दिन के बाद पहुंचे संसद

## आज लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बोलेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की सांसदी बहाल हो गयी। वह 137 दिन बाद सोमवार को संसद पहुंचे। उनकी सदस्यता ऐसे समय में बहाल हुई है, जब मंगलवार को संसद में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। ऐसे में इस बात की ज्यादा संभावना है कि राहुल लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस की शुरुआत कर सकते हैं। उधर, पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने उनकी लोकसभा में वापसी का स्वागत किया और कहा कि देश की जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार फिर संसद में गूंजेगी।

**लोकसभा ने अधिसूचना जारी की**
गौरतलब है कि राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में की गयी टिप्पणी पर दो साल की सजा हुई थी। इसके बाद उनकी सांसदी चली गयी थी। सुप्रीम कोर्ट से सजा पर रोक लगने के बाद लोकसभा सचिवालय ने सोमवार को केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी का दर्जा बहाल करने की अधिसूचना जारी की। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे राहुल संसद पहुंचे।

**कांग्रेस मुख्यालय में मना जश्न**
राहुल की सांसदी बहाली की खबर मिलते ही कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। अधीर रंजन चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिठाई खिलायी। वहीं कांग्रेस समर्थकों ने 10 जनपथ के बाहर ढोल बजाये और डांस किया। वहीं, जब राहुल संसद पहुंचे तो आइएनडीआइए गठबंधन के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

**प्रियंका ने वीडियो ट्वीट किया**
प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के संसद पहुंचने के वीडियो को ट्विटर पर पोस्ट करते हुए लिखा, जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार फिर संसद में गूंजेगी। राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने वाले लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं व इंसाफ और सच की लड़ाई में समर्थन देने वाले करोड़ों देशवासियों का तहे दिल से धन्यवाद।



### लोकसभा से डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2023 पास

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा से सोमवार को डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2023 पास हो गया। इसके कानून बनने से डेटा इकट्ठा करने वाली कंपनियों को यह बताना होगा कि वे कौन सा डेटा ले रही हैं और उसका क्या इस्तेमाल किया जाना है। कंपनियों को कांटैक्ट डिटेल्स भी यूजर्स को मुहैया कराने होंगे। यूजर्स अपने पर्सनल डेटा को बदलने या उन्हें डिलीट भी करा सकेंगे।

### राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल पेश

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। राज्यसभा में केंद्र सरकार की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली सर्विस बिल पेश किया। इस पर आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि यह बिल एक राजनीतिक धोखा है। भाजपा ने 1989, 1999 और 2013 के लोकसभा चुनाव के घोषणा-पत्र में दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया था। आज भाजपा के पास मौका है, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दीजिये। इसके पहले कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने बिल पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह बिल संघीय ढांचे के खिलाफ है।

## न्यूज रील्स

### मणिपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने 3 महिला जजों की कमेटी बनायी

नयी दिल्ली। मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार से शुरू हो गयी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाइकोर्ट के 3 जजों की कमेटी मणिपुर में जाकर राहत और पुर्नवास देखे। कोर्ट ने ये भी कहा कि ऐसी कोशिशें की जानी चाहिए, ताकि राज्य के लोगों में विश्वास और कानून के शासन में भरोसा लौट सके। जम्मू-कश्मीर हाइकोर्ट की चीफ जस्टिस रहीं गीता मित्तल इस कमेटी की मुखिया रहेंगी। कमेटी की दो अन्य सदस्य जस्टिस (रिटायर्ड) शालिनी पी जोशी और जस्टिस (रिटायर्ड) आशा मेनन रहेंगी।

### नूंह में बुलडोजर एक्शन पर हाइकोर्ट की रोक

नूंह। हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद राज्य सरकार के बुलडोजर एक्शन पर हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। इसके बाद डिप्टी कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई से रोक दिया। सरकार की डिमोलिशन ड्राइव का हाइकोर्ट ने सुओ-मोटो लिया था। पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट की जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने रोक के आदेश दिये। नूंह में पिछले 4 दिन से तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही थी।

### भाजपा सांसद कठेरिया की सजा पर रोक, अब सांसदी नहीं जायेगी

लखनऊ/आगरा। भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को जिला कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी दो साल की सजा पर रोक लगा दी है। सोमवार को जिला कोर्ट में कठेरिया ने एमपीएमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल की थी। अब मामले में अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। सजा पर रोक लगने से उनकी सांसदी जाने से खतरा भी टल गया है। गौरतलब है कि 5 अगस्त को एमपीएमएलए कोर्ट ने 12 साल पहले टोरेंट पावर के अधिकारी से मारपीट के मामले में कठेरिया को दो साल की सजा सुनायी थी।

### सोनिया गांधी 25 अगस्त को हिमाचल जायेंगी

शिमला। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी हिमाचल आ सकते हैं। अगर कार्यक्रम में बदलाव नहीं हुआ तो 25 अगस्त को वह सोलन के रामलोक मंदिर आयेंगी और शीश नवायेंगी। मंदिर प्रबंधन ने गांधी परिवार को मंदिर आने और प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया था। जिसे सोनिया गांधी ने स्वीकार कर लिया है। ऐसा माना जा रहा है कि उनके साथ कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता भी हिमाचल आ सकते हैं।

# भानु के खुलासे से भू-माफियाओं और अधिकारियों में मचा हड़कंप

- राजस्व कर्मी ने इडी को दी कई जानकारियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद ने इडी के समक्ष जो खुलासे किये हैं, उससे बड़े जमीन कारोबारी और अधिकारियों के गठजोड़ का खुलासा हुआ है। इस खुलासे के बाद इडी ऐसे कारोबारियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई शुरू कर सकती है। गौरतलब है कि शनिवार को रांची पुलिस और इडी ने भानु प्रताप प्रसाद से लंबी पूछताछ की थी। भानु से चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री में फर्जीवाड़ा, सरकारी दस्तावेज अपने घर में रखने समेत कई बातों के बारे में पूछताछ की गयी। इस पूछताछ के बाद जो नयी जानकारी मिली है, वह हैरान करनेवाली है।

पूछताछ के क्रम में यह पता चला कि फर्जी कागजात के आधार पर इम्तियाज और भानू ने अपने नाम पर राजेश राय से पावर ऑफ अटॉर्नी ले लिया था। बाद में राजेश राय के अकाउंट में 25 लाख ट्रांसफर किये गये थे। भानु और इम्तियाज ने पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर पुनीत भार्गव नामक व्यक्ति को जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। इसी जमीन से जुड़ा एक और फर्जी डीड लखन सिंह के पिता कालीचरण सिंह के नाम पर बनाया गया था। जमीन का गलत दस्तावेज बनाने के मामले में सदर थाना में कांड संख्या 399/ 22 दर्ज है। इसके अलावा सरकारी दस्तावेज घर में रखने के मामले में भानु के खिलाफ सदर थाना में कांड संख्या 272/23 दर्ज कराया गया है। भानू ने पूछताछ में इडी और पुलिस को कई बड़े जमीन कारोबारियों के नाम बताये हैं। इनमें कई कारोबारी ऐसे हैं, जिनकी जानकारी इडी को पहली बार मिली है। इडी इस मामले में आगे की कार्रवाई की तैयारी में है।

## इडी विष्णु अग्रवाल से चार दिनों तक पूछताछ करेगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** लैंड स्कैम के आरोपी राज्य के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) चार दिन और पूछताछ कर सकेगी। कोर्ट ने अग्रवाल से पूछताछ की इजाजत दे दी है। सोमवार को रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में इडी की ओर से आवेदन दाखिल कर छह दिनों की रिमांड मांगी, जिसका विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। इडी ने कोर्ट को बताया कि लैंड स्कैम में विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं और उनसे पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दी।


# आदिवासी महोत्सव : जनजातीय वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर थिरकेगा झारखंड

- 'रीझ रंग रसिका' रैली में 32 जनजातीय के वाद्य यंत्रों की अविस्मरणीय गूंज के बनेंगे साक्षी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जहां चलना नृत्य और बोलना संगीत हो, उस धरा में 32 जनजातीय के वाद्य यंत्रों की अविस्मरणीय गूंज के हम सभी साक्षी बनेंगे। 'रीझ रंग रसिका' रैली में जब पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर कदम थिरकेंगे, तब पूरा झारखंड थिरकेगा और वाद्य यंत्रों का संगम झारखण्ड आदिवासी महोत्सव का आगाज करेगा। झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में 'रीझ रंग रसिका' रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। रांची के करमटोली चौक स्थित धुमकुड़िया भवन से जेल रोड स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान के लिए नौ अगस्त को दोपहर 12 बजे रैली प्रस्थान करेगी। रैली में झारखंड के 32 विभिन्न जनजातीय वाद्य यंत्रों के संगम होगा।

### आदिवासी महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा: मुख्यमंत्री



रांची। सीएम हेमंत सोरेन से सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा वृहत पैमाने पर पूरी भव्यता के साथ झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 का आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 को एक अलग पहचान मिलेगी। इस महोत्सव का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। खुशी की बात है कि देश-दुनिया से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी परंपरा, कला-संस्कृति, रहन-सहन, आदिवासी उत्पाद और गीत-संगीत-नृत्य को संरक्षित और आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रकाश हंस, मुन्ना उरांव, अजीत उरांव आदि शामिल थे।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS



HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# कांग्रेस के लिए दोधारी तलवार है राहुल गांधी की वापसी

## ■ पार्टी को ताकत मिली, पर विपक्षी एकता में पैदा हो सकती है बाधा

## ■ अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार और ममता बनर्जी के रवैये पर रहेगी नजर

## ■ शरद पवार की पैंतरेबाजी तो पहले ही गठबंधन में उलझन पैदा कर रही है

**आजाद सिपाही विशेष**

**राहुल गांधी को मोदी सरनेम वाले आपराधिक मानहानि केस में मिली दो साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट से लगी रोक के बाद लोकसभा सदस्य के रूप में वह सदन में वापस आ गये हैं, लेकिन इसके साथ ही विपक्षी राजनीति में संभावनाओं के कई द्वार खुल गये हैं। लोकसभा में राहुल की वापसी से विपक्ष और कांग्रेस को नयी ताकत जरूर मिली है, लेकिन इसके साथ ही सदन से बाहर 2024 के आम चुनाव की तैयारियों के रास्ते में कांग्रेस के लिए नयी चुनौतियों को जन्म दे दिया है। राहुल गांधी की वापसी ने स्वाभाविक तौर पर उन्हें विपक्षी खेमे की केंद्रीय भूमिका में ला दिया है, जो नीतीश, ममता और केजरीवाल जैसे महत्वाकांक्षी नेताओं को किनारे कर सकता है। इसका नुकसान अभी से ही दिखने लगा है, जब शरद पवार के रवैये ने विपक्षी खेमे को असहज कर दिया है। उधर नीतीश भी उखड़े-उखड़े नजर आने लगे हैं, क्योंकि राहुल ने लालू-तेजस्वी को तरजीह दे दी है। इधर ममता बनर्जी ने भी विपक्षी गठबंधन की मुंबई में होनेवाली बैठक में शामिल होने में असमर्थता जता दी, जिसके कारण बैठक को ही स्थगित कर देना पड़ा है। वामपंथी पार्टियां इस बात को लेकर असहज हैं कि कांग्रेस ने राहुल गांधी के मामले में न्यायपालिका के बारे में दो डबल स्टैंडर्ड अपनाया, उसका संदेश अच्छा नहीं गया। कांग्रेस ने अपने नेता को सजा सुनाये जाने के निचली अदालत के फैसले और हाइकोर्ट द्वारा उसके अनुमोदन को मोदी सरकार की कारस्तानी बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहत दिये जाने को न्यायिक प्रणाली की महानता करार दिया। कांग्रेस का 'मीठा-मीठा गप-गप, कड़वा-कड़वा थू-थू' वाला रवैया बहुत सारे लोगों को पच नहीं रहा है। इन तमाम परिस्थितियों में कांग्रेस और विपक्षी एकता कितनी दूर तक चल सकेगी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

मोदी सरनेम मामले में निचली अदालत द्वारा सजा सुनाये जाने के कारण सांसद पद के अयोग्य ठहराये गये कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गयी और वह लोकसभा सदस्य के रूप में दोबारा सदन में आ गये हैं। उनकी इस वापसी के कारण विपक्ष को और खास कर कांग्रेस को सदन के अंदर बहुत ताकत मिली है। लेकिन राहुल गांधी की वापसी का यह केवल एक पहलू है। इसका दूसरा पहलू यह है कि इस घटनाक्रम से अन्य विपक्षी दलों में असुरक्षा का बोध जगने लगा है। जब विपक्षी दलों ने एकजुट होने का प्रयास शुरू किया, तो राहुल गांधी ने खुद को बैक सीट पर कर लिया था। इससे मल्लिकार्जुन खड़गे, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी समेत अन्य विपक्षी चेहरों को आगे आने का मौका मिला और एकजुटता की कवायद को शक-सुबहे की नजर से देख रहे विपक्षी दलों में संदेश गया कि कांग्रेस पार्टी इस बार त्याग करने के मूड में है। यह कांग्रेस की तरफ से बड़ा संकेत था, क्योंकि विपक्षी दलों में कई ने खुलकर कहा था कि कांग्रेस को विपक्षी एकता बनानी है, तो उसे बड़े भाई वाली प्रवृत्ति से बाज आना होगा। लेकिन क्या राहुल की वापसी के बाद कांग्रेस और राहुल गांधी इसके लिए तैयार होंगे।

राहुल गांधी को मिली राहत और लोकसभा में उनकी वापसी से निश्चित तौर पर कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए नैतिक और राजनीतिक जीत मिली है, लेकिन यह कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए दुधारी तलवार की तरह काम भी कर सकता है। कांग्रेस को यह गुमान हो सकता है कि 2024 के चुनाव में नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी एक बड़ा चेहरा बन सकते हैं। इससे विपक्ष की एकता खटाई में पड़ सकती है। इसके अलावा नीतीश, ममता और केजरीवाल जैसे महत्वाकांक्षी नेताओं के किनारे हटने और धीरे-धीरे उनका सपना टूटने के कारण विपक्षी एकता की पूरा कवायद ही खटाई में पड़ सकती है। इसकी वजह यह है कि जब देश में कोई गठबंधन बनता है, तो उसमें एक बड़ा दल प्रभावी सहयोगी होता है। नये बने विपक्षी गठबंधन में अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार या एमके स्टालिन जैसे लोग भागीदारी चाहते हैं। उनका मानना है कि वे सब एकजुट होकर 2024 के चुनाव में भाजपा को परास्त करने की कोशिश करेंगे, तो सफल हो सकते हैं। अगर ऐसा माहौल बनता है कि कांग्रेस या कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी ज्यादा महत्वपूर्ण होते हैं या प्रधानमंत्री पद के प्रमुख उम्मीदवार होते हैं या एक ऐसा रुख देते हैं, जिससे यह लगे कि 2024 का चुनाव 'नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी' है, तो उससे विपक्ष की एकता बिखर जायेगी। इससे कांग्रेस को 2024 के चुनाव में और भी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।



### क्या लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी कांग्रेस का चेहरा होंगे

2014 और 2019 के चुनावों में कांग्रेस करीब 208 सीटों पर भाजपा के साथ सीधे मुकाबले में थी। जिन 208 सीटों पर दोनों दलों के बीच सीधा मुकाबला था, उनमें से 90 फीसदी के करीब पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। राहुल गांधी कांग्रेस का चेहरा तब ही बन सकेंगे, जब उन 208 सीटों में से 50 फीसदी पर कांग्रेस की जीत होगी। ऐसा होने पर कांग्रेस या राहुल गांधी का दावा मजबूत होगा।

ऐसी स्थिति में वह 2024 में प्रधानमंत्री के पद के दावेदार के रूप में सामने आ सकते हैं, लेकिन इसका आकलन करना अभी संभव नहीं है। लिहाजा अभी से उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताने से कांग्रेस को नुकसान होगा। इतना ही नहीं, इससे विपक्षी एकता भी बिखर जायेगी।

### क्या आगामी चुनावों में जीत से दावेदारी मजबूत होगी?

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के पीछे बड़ी भीड़ दिखी थी। उसके बाद से कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव जीते हैं। इस साल चार राज्यों, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस सत्ता में है और मध्य प्रदेश के वर्तमान विधानसभा में भी पहले उसी की सरकार थी। ऐसे में अगर इन राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के अनुकूल आये, तब उस स्थिति में राहुल गांधी की प्रधानमंत्री पद की दावेदारी मजबूत हो सकती है, लेकिन उस स्थिति में गठबंधन का भविष्य अनिश्चित हो जायेगा। लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों में अगर कांग्रेस का प्रदर्शन न केवल राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बल्कि तेलंगाना में भी अच्छा हुआ, तब ऐसा माना जायेगा कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का राजनीतिक ग्राफ बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। उस स्थिति में कांग्रेस नेतृत्व की भूमिका पर दावा ठोंक सकती है।

### राहुल पर फोकस से कई सहयोगी असहज

इस बीच सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल गांधी की गतिविधियों और कांग्रेस द्वारा उन्हें केंद्र में लाये जाने की कोशिशों से कई सहयोगी असहज महसूस करने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राहुल ने जिस तरह लालू-तेजस्वी से मुलाकात की, उससे नीतीश असहज हो गये, तो उधर ममता बनर्जी ने गठबंधन की मुंबई में होनेवाली बैठक में शामिल होने में ही असमर्थता जता दी। इससे वह बैठक भी स्थगित हो गयी है। अरविंद केजरीवाल हालांकि दिल्ली अध्यादेश पर लोकसभा में कांग्रेस का साथ मिलने से उत्साहित जरूर हैं, लेकिन उनकी खुद की महत्वाकांक्षा हिलोरें मार रही है। राहुल की वापसी ने उनके उत्साह पर पानी फेर दिया है। इतना ही नहीं, गठबंधन के सहयोगी दल शरद पवार के ढुलमुल रवैये को लेकर असमंजस में हैं। शरद पवार ने पुणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच शेयर कर और उनकी पीठ पर हाथ रख कर जो संदेश दिया है, उसका अर्थ निकालने में विपक्षी गठबंधन के घटक अब तक असमर्थ हैं। ऐसे में पूरे गठबंधन पर ही काले बादल मंडराने लगे हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की रिहाई ने कांग्रेस को भले ही ताकत दी है, उसके लिए चुनौती भी बढ़ा दी है। इसके साथ ही विपक्षी एकता के खीर में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने नमक छिड़क दिया है।

---

## साजिद ने किया अपहरण या संग भागी आकांक्षा ?

# पिता बोले, कर लूंगा आत्मदाह, बेटी का धर्म नहीं बदलने दूंगा

**पलामू एसपी बोलीं, छत्तीसगढ़ पुलिस करेगी जांच**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जितेंद्र मिश्रा की बेटी आकांक्षा मिश्रा को भगाकर धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने का आरोप साजिद पर लगा है। पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के गुरहा गांव निवासी मोहम्मद साजिद पहले से लड़की को जानता था। युवती छत्तीसगढ़ के सरगुज इलाके की रहने वाली है। मामले को लेकर लड़की के पिता जितेंद्र मिश्रा और पति नितिन गुप्ता रविवार को पांकी विधायक डा शशि भूषण मेहता के नीलांबर-पीतांबरपुर आवास पहुंचे थे। गुरहा पंचायत के मुखिया के भेजे गये नोटिस की कॉपी भी सौंपी थी जिसमें धर्म परिवर्तन की जानकारी दी गयी थी।

### कैसे साजिद से मिली आकांक्षा

आकांक्षा के पिता ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा में ही साजिद मैकेनिक का काम करता था। उसकी पुत्री सूरजपुर में एक निजी विद्यालय में पढ़ाती थी। उसी विद्यालय में आकांक्षा के पति नितिन भी पढ़ाते हैं। यहीं साजिद और उनकी बेटी की मुलाकात हुई।



### पिता ने बताया कि साजिद ने किया है अपहरण

पिता ने बताया कि बेटी परीक्षा लिखने गयी थी वहां से साजिद ने उसका अपहरण किया है। यहां की पंचायत से एक चिट्ठी आयी। मेरे भाई ने उस चिट्ठी को लिया। उन्होंने खोल कर पढ़ा और बताया कि गुरहा गांव की मुखिया और सचिव ने बताया है कि बेटी के धर्म परिवर्तन की बात लिखी है। मैं मामले को लेकर थाने गया। लड़की को एक दिन पहले यहां से भगा दिया। हमने विधायक से बात की और उन्हें चिट्ठी सौंपी है। उन्होंने भरोसा दिया कि सब 24 घंटे के अंदर हो जायेगा।

**पति ने कहा, मुझसे नहीं हुआ है तलाक**

लड़की की शादी नितिन गुप्ता से हुई है। उसके पति का कहना है, मेरी पत्नी बीएड करने के लिए 18 जून को भिलाई गयी थी। 22 से वह लापता है। 20 दिन बाद हमें पता चला कि वह मोहम्मद साजिद के पास है, वहां उसका धर्म परिवर्तन करा लिया गया और बताया गया कि वह शादी कर रही है। उसने मुझसे तलाक नहीं लिया है। सरपंच के कहने पर पत्नी ने थानेदार को फोन किया उससे बात हुई उसके बाद विधायक के पास आये और बात की तो उन्होंने मदद का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा है कि 24 घंटे के अंदर पिता को बेटी सौंप देंगे।

**विधायक से परिजनों ने लगायी गुहार**

पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के साथ हिंदू संगठन के लोगों ने शहर थाना घेर लिया। नारेबाजी करने लगे। लड़की को एसपी ऑफिस ले जाया गया वहां उससे पूछताछ की गयी है। एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा, सुरजपूर थाना छत्तीसगढ़ में इस लड़की के गुम होने की एफआइआर दर्ज है। हमने वहां के एसपी से बात की है वह एक टीम भेज रहे हैं। हम लड़की को उन्हें सौंप देंगे और आगे की कार्रवाई वहीं से होगी। पांकी विधायक के साथ परिवार वालों ने भी एसपी से मुलाकात की और जबरन धर्म परिवर्तन की बात कही है।

**विधायक बोले, होगा न्याय**

इस मामले में पांकी विधायक ने कहा, जिसकी शादी मार्च में हो चुकी है। वह परीक्षा देने गयी थी साजिद नाम के व्यक्ति ने उसका अपहरण कर ले आया है। पंचायत सेवक मिलकर उसके धर्म परिवर्तन का नोटिस दे रहे हैं। धर्म परिवर्तन के पहले निकाह हो जाता है। यह कैसे हो सकता है।

कोई भी विवाहित महिला जबतक उसकी पहली शादी से तलाक ना हो जाये तबतक वह शादी नहीं कर सकती। आकांक्षा किसी की बहू और बेटी है उसको सही सलामत वापस करे। अगर यह नहीं होगा तो अंजाम ठीक नहीं होगा। लड़की के मां बाप ने कहा है कि अगर बेटी वापस नहीं होती तो हम पती-पत्नी इसी थाने परिसर में आत्मदाह कर लेंगे हमें उसकी जान बचाना है।

---

# प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती : सत्यानंद भोगता

**मंत्री ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया**

**प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मंत्री सत्यानंद भोगता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिद्धौर/चतरा।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के गिद्धौर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित +2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विद्यालय आगमन पर श्री भोगता का छात्र-छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मंत्री श्री भोगता ने मैट्रिक इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मंत्री ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि बच्चों को मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करनी चाहिए। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है। बच्चों को गढ़ने में शिक्षकों का अहम योगदान होता है। उक्त कार्यक्रम में जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान, प्रखंड प्रमुख अनिता देवी, राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक देवचरन दांगी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।




# सरायकेला से अपहृत बच्चा रांची से बरामद

**सरायकेला पुलिस ने छापा मार अपहरणकर्ता को भी दबोचा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले से नौ वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही बच्चे को भी सकुशल बरामद कर लिया है। मामला जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र का है। जहां के मिलन चौक से 25 जुलाई 2023 को नौ साल के बच्चे को किसी अज्ञात के द्वारा अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने छापेमारी करते हुए बच्चे को बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है उसका नाम मनपुरन मलार है। वह रांची के मौसीबाड़ी, मलारकोचा का निवासी है। इस पूरे मामले की पुष्टि चांडिल अनुमंडल के एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर की। एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने कहा कि 25 जुलाई 2023 को यह घटना हुई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया था। टीम ने जांच करते हुए तकनीकी पहलुओं की मदद से अपहरण करने वाले व्यक्ति मनपूरन मलार को ढूंढ निकाला। साथ ही उसकी निशानदेही पर बालक को रांची में उसके घर से सकुशल बरामद कर लिया गया। अभियुक्त ने अपना दोष स्वीकार कर लिया है।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.6 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.22 बजे |



### कॉमन सिविल लॉ के विरोध में आदिवासी संगठनों का भारत बंद

# सड़क पर उतरे बंद समर्थक



**करमटोली चौक किया जाम लोग रहे घंटों परेशान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कॉमन सिविल लॉ (यूसीसी) कानून के विरोध में आदिवासी संगठनों ने सात अगस्त को भारत बंद की घोषणा की थी। जिसके तहत सोमवार को विभिन्न संगठन के आदिवासी कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। रांची के करमटोली चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया। इतना ही नहीं रामगढ़ मुख्य सड़क पर भी आवागम बाधित कर दिया। बंद का आंशिक असर राजधानी रांची पर देखने को मिल रहा है।

**सुबह से ही सड़क पर उतरे आदिवासी संगठन**

सोमवार को सुबह 10.30 बजे से ही विभिन्न आदिवासी संगठन सड़क पर उतर गये थे। देशभर में सोमवार को भारत बंद घोषण के तहत राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। पुलिस बंद समर्थकों को मना करते रही। लेकिन समर्थक सड़कों पर बैठक गये। करीब दो घंटे सड़क को आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने जाम रखा था।

**यूसीसी कानून के विरोध में संगठन ने चार चरणों में किया विरोध-प्रदर्शन**

बता दें कि कॉमन सिविल लॉ (यूसीसी) कानून के विरोध में राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने चार चरण में विरोध-प्रदर्शन किया। पहला चरण 8 जुलाई को जिलास्तर पर धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपा गया। दूसरे चरण में 18 जुलाई को तहसिल स्तर पर धरना प्रदर्शन और तीसरे चरण में 27 जुलाई को जिला स्तर पर रैली प्रदर्शन किया गया। वहीं सोमवार को अंतिम और चौथे चरण में भारत बंद कर राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने भारत बंद का एलान किया था।

# आदिवासियों को उग्र रवैया अपनाने पर मजबूर न करें जमीन लुटेरे : बंधु तिर्की

**विश्व आदिवासी दिवस, उत्सव-उत्साह की बजाय संघर्ष का दिन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में अपने पांव पसार चुके जमीन लुटेरे, आदिवासियों को अपना तीखा तेवर और उग्र रवैया अपनाने पर मजबूर न करें। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस उत्सव-उत्साह की बजाय संघर्ष के अपने इतिहास को याद कर आगे बढ़ने का दिन है।

उन्होंने कहा कि 22 साल में यह साबित हो गया है कि आदिवासियों के हित उनकी रक्षा-सुरक्षा की जोर-शोर से बात करनेवाले अनेक लोग वास्तव में बहुरुपिया हैं और उन्हें आदिवासी सभ्यता संस्कृति, जल, जंगल, जमीन की बजाय आदिवासियों की जमीन लूटने और आदिवासियों विशेषकर लड़कियों-महिलाओं को पलायन के लिए मजबूर करने से ही मतलब है।

श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी दिवस, केवल आदिवासियों के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक बहुत ही खास दिन है और यह दिन हमें अपने जीवन को बेहतर रूप देने के साथ ही अपने भविष्य को ढालने और जल, जंगल, जमीन को बचाने का संदेश देता है। श्री तिर्की ने कहा कि यदि इस दिवस को झारखंड के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये तो यहां जमीन लूट, बहुत ही विकट संकट के रूप में खड़ा हो गया है और इसके पीछे दलाल प्रवृत्ति के कुछेक आदिवासियों के साथ ही वैसे तत्वों का हाथ है जिनका झारखंड में रहने का एकमात्र उद्देश्य शोषण उत्पीड़न, जमीन-खान-खदान की लूट और सस्ते मजदूर के लिए यहां के लोगों को पलायन पर विवश करना है।

श्री तिर्की ने कहा कि पलायन वैसी समस्या है जिससे झारखंड का लगभग प्रत्येक आदिवासी परिवार किसी-न-किसी रूप में प्रभावित और प्रताड़ित हो रहा है। श्री तिर्की ने कहा कि यदि रोजी-रोजगार के अभाव में झारखंड से पलायन, विशेष रूप से आदिवासी बालिकाओं एवं महिलाओं के पलायन पर रोक नहीं लगायी गयी और जमीन लूट को सख्ती से न रोका गया तो इसका खामियाजा पूरे झारखंड और यहां के लोगों को लंबे समय तक भुगतना पड़ेगा

श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड का पूरा समाज और अपने प्रदेश में अनेक वैसी बीमारियां और विसंगतियां हैं जिसे दूर करना न केवल आदिवासियों के लिए बल्कि झारखंड में रहनेवाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी है। श्री तिर्की ने कहा कि अपनी संस्कृति की रक्षा के साथ ही परस्पर सामंजस्य, सद्भाव एवं अपने खनिज संसाधनों के साथ ही अपनी मानवीय क्षमता का पूरा उपयोग भी झारखंड गठन के समय हमारा लक्ष्य था। इसके अलावा झारखंड के बुद्धिजीवियों एवं नीति निर्माताओं के दिल में कहीं-न-कहीं यह बात भी छुपी थी कि अपने खनिज संसाधन को दूसरे प्रदेश में उसी रूप में भेजने की बजाय उसका वैल्यू एडिशन कर ही उसे झारखंड से बाहर भेजा जाये ताकि झारखंड में रहनेवाले लोगों को उसका अधिकाधिक फायदा मिल सके।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **वृष** — जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, आर्थिक लाभ।
- **मिथुन** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** — भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** — धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **कन्या** — आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** — किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।
- **मकर** — साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा
- **कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

# विश्व आदिवासी दिवस पर पंडरा के बनहोरा मैदान में जनसभा करेगी कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस विश्व आदिवासी दिवस पर पंडरा के बनहोरा मैदान में जनसभा करेगी। नौ अगस्त को आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने और इसकी सफलता के लिए रणनीति बनायी गयी है।

सोमवार को रांची के कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने महासचिवों, रांची ग्रामीण और रांची महानगर जिलाध्यक्षों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस बाबत तमाम पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यक्रम व्यापक और भव्य रूप से हो। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि इसके साथ 09 अगस्त को आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में संरक्षण प्रतिभा, मशाल मार्च, राष्ट्र के इतिहास और विकास में आदिवासी नेताओं के योगदान को सम्मान देने हेतु श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जायेगा।



**राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल: कांग्रेसियों ने लड्डू खिलाकर बधाई दी**

**बैठक के बाद राहुल गांधी के संसद सदस्यता बहाल होने पर पार्टी कार्यालय में पटाखा फोड़ और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी गयी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि संसद में एक बार फिर किसानों की, युवाओं की, देश के निम्नवर्गीय, मध्यमवर्गीय परिवारों की, महिलाओं के सम्मान की बात गूंजेगी। मणिपुर की जनता की आवाज संसद में राहुल गांधी उठायेंगे और न्याय दिलाने का काम करेंगे।**

# अमन श्रीवास्तव गिरोह के एजाज अंसारी की जमानत पर सुनवाई, कोर्ट ने मांगी केस डायरी

**49 लाख 83 हजार की रंगदारी की रकम के साथ गिरफ्तार हुआ था एजाज अंसारी**


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य और 49 लाख 83 हजार की रंगदारी की लेवी के साथ गिरफ्तार एजाज अंसारी की जमानत याचिका पर एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एटीएस से केस की डायरी मांगी है। एजाज की जमानत पर अगली सुनवाई केस डायरी आने के बाद होगी। एजाज फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उल्लेखनीय है कि 21 जुलाई को एटीएस ने 49 लाख 83 हजार रुपये के साथ अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पिठोरिया से दोनों की गिरफ्तारी हुई थी। इनके पास से रंगदारी से वसूले गये रुपये बरामद किये गये थे। एटीएस पैसे पकड़े जाने के बाद मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# अमीषा पटेल के वकील ने फिर मांगा समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अभिनेत्री अमीषा पटेल पर रांची सिविल कोर्ट में चल रहे चेक बाउंस मामले में सोमवार से सुनवाई हुई। सुनवाई ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला की कोर्ट में हुई। जहां शिकायकर्ता अजय कुमार सिंह की ओर से पेश किये गये गवाह संख्या एक का जिरह नहीं हो सका। अभिनेत्री अमीषा पटेल के वकील की ओर से फिर समय देने की गुजारिश कोर्ट से की गयी। जिसके बाद अगली सुनवाई में गवाह संख्या दो को पेश करने को कहा गया। इससे पहले अमीषा पटेल के वकील की ओर से समय की मांग किये जाने का शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के वकील ने विरोध किया। वकील ने कहा कि गवाह पिछले 2 दिनों से कोर्ट आ रहे हैं। इसलिए इन्हें अब गवाही से अभी मुक्त किया जाये। कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी। 26 जुलाई को अंतिम सुनवाई हुई थी। इसमें आरोप लगाने वाले अजय कुमार सिंह की ओर से कंपनी के मैनेजर टिंकू सिंह कोर्ट में गवाह के तौर पर पेश हुए। लेकिन उनसे अमीषा पटेल के वकील जयप्रकाश ने क्रॉस एग्जामिनेशन नहीं किया। उन्होंने कोर्ट से समय देने की मांग की थी। इसी वजह से कोर्ट ने उनपर 500 रुपये जुर्माना लगाया था। चेक बाउंस मामले में रांची सिविल कोर्ट में अमीषा पटेल पहले भी दो बार पेश हो चुकी हैं।




### केकेएम कॉलेज पहुंचे डीसी, छात्रों से हुए रूबरू

# आइएएस क्रैक करने के दिये टिप्स

**कहा, हिंदी मीडियम से भी बेहतर परिणाम होगा हासिल**

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ में नव पदस्थापित युवा उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल सोमवार को केकेएम कॉलेज पहुंचकर छात्रों से रूबरू हुए। डीसी अपने छात्र जीवन के दिनों का अनुभव छात्रों के साथ साझा किये और अपनी प्राइमरी स्कूल की पढ़ाई से लेकर आइएएस बनने तक का सफर छात्रों के साथ साझा कर यूपीएससी में कामयाबी हासिल करने का टिप्स दिया। इस दौरान उपायुक्त ने अपने स्कूली शिक्षा से लेकर आइएएस बनने तक के सफर को छात्रों साझा करते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि हिंदी मीडियम से पढ़ कर ही मैं अखिल भारतीय सेवा की परीक्षा पास कर आपके बीच आया हूं। कहा कि हम भी आपकी ही की तरह हैं, कुछ समय बाद आपलोग हमारी जगह पर होंगे। कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता है। सीमित साधनों में बेहतर विकल्प की तलाश करें।

यदि आप जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, आगे जाना चाहते हैं तो आपको संघर्ष करना ही होगा, मेहनत करनी ही होगी। उन्होंने कहा कि आप लोगों को संघर्ष से पीछे नहीं हटना है, क्योंकि जीवन में कदम-कदम पर चुनौतियां हैं, उन चुनौतियों को पार कर ही आप सफलता प्राप्त का पायेंगे। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बनाकर तैयारी करें सफलता अवश्य मिलेगी।

उन्होंने छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि जिला प्रशासन अध्ययन में आने वाली समस्यों को दूर करने का हर संभव प्रयास करेगी। इस दौरान उपायुक्त ने बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया। साथ ही छात्रावास में मिली समस्याओं को त्वरित गति से उसका आकलन करते हुए निष्पादन का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया।

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला कल्याण पदाधिकारी बिजन उरांव, केकेएम कॉलेज के प्रिंसिपल, केकेएम महिला कॉलेज की प्रिंसिपल सहित अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
189200 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# नये वोटर्स को लेकर अब हाउस टू हाउस चलेगा सर्वे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला प्रशासन की ओर से नये मतदाताओं को चिह्नित करने के लिए अब हाउस टू हाउस सर्वे शुरू किया जायेगा। डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ को घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन का कार्य सात दिन के अंदर पूरा करने को कहा है। नये मतदाता जिनकी आयु एक जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। वे अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम प्रपत्र-6 के माध्यम से पंजीकरण कराने करवा सकते हैं। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने बैठक कर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बूथ लेबल ऑफिसर घर-घर जा कर सत्यापन पर तेजी लायें, जिसकी क्लोज मॉनिटरिंग संबंधित सभी पदाधिकारी करें एवं हाउस सर्वे का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हाउस टू हाउस सर्वे में सभी योग्य व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा गया है, उसे जोड़ने एवं मृत व स्थाई रूप से अन्यत्र जाने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का काम तथा जिनका नाम मतदाता सूची में त्रुटि पूर्ण हैं, उसे सुधारें।

# दाहू यादव के पिता पशुपति के खिलाफ आरोप गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लॉड्रिंग केस के आरोपी दाहू यादव के पिता पशुपति यादव के खिलाफ रांची पीएमएलए प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने चार्जफ्रेम (आरोप गठित) कर दिया है। अब पशुपति यादव के खिलाफ ट्रायल की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इडी ने पशुपति यादव को 21 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाला में फरार चल रहे दाहू यादव के घर की कुर्की-जब्ती की गयी है। इडी कोर्ट से आदेश जारी होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की थी।

## अमित महतो की बेल पर हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेल में बंद पूर्व विधायक और खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो की जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। अमित महतो और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त मो। शहजाद की अदालत में अमित महतो की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता सुनील महतो ने बहस की। अमित महतो ने 27 जून को सरेंडर किया था। जिसके बाद कोर्ट से वह न्यायिक हिरासत में हैं। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने समेत कई आरोप लगाये गये हैं। हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिलने के बाद अमित महतो ने कोर्ट में सरेंडर किया था।

# मानसून ने पकड़ी रफ्तार अभी और होगी बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में राजधानी में 6.1 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी है। सिमडेगा जिला में सबसे अधिक बारिश 50 एमएम रिकॉर्ड की गयी। गिरिडीह में 22.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी। 12 अगस्त तक तापमान में कमी महसूस की जायेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दौरान तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जायेगी। पांच दिनों तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्यिस रहेगा। वहीं, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। कई हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसमें मुख्य रूप से झारखंड के मध्य भाग शामिल हैं, जिसमें रांची, रामगढ़, खूंटी, बोकारो, कोडरमा आदि जिला शामिल हैं। मौसम केंद्र की मानें तो छह अगस्त से जारी मानसून में पलामू, लातेहार, चतरा, गढ़वा, गुमला, लोहरदगा समेत अन्य जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

## राज्य में सात दिन में दो माह से ज्यादा हुई रोपनी

पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। राज्यभर में पूरे जोर-शोर से धान की खेती की जाने लगी है। परिणाम है कि पूरे जून-जुलाई में राज्य में जितनी धान की खेती नहीं हुई थी, बीते सात दिनों में उससे ज्यादा रोपनी हुई है। तीन दिनों पहले तक राज्य में सामान्य से करीब 47 फीसदी कम बारिश हुई थी। अब यह कमी 39 फीसदी के आसपास रह गयी है। राज्य में अब तक करीब 318 मिमी बारिश हो चुकी है। मानसून के रफ्तार पकड़ने से किसानों ने राहत की सांस ली है।

## हिंदू सुरक्षा मंच झारखंड की प्रांतीय बैठक संपन्न

# हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए संगठित हों: संजय सेठ

पहाड़ी मंदिर में सामूहिक आरती का आयोजन आज

20 अगस्त को रांची में एक विशाल जनसभा का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्री संघ, कोकर (रांची) में सोमवार को हिंदू सुरक्षा मंच, झारखंड की प्रांतीय बैठक संपन्न हुई। इसमें हिंदू, सिख, जैन एवं सरना सनातन परंपराओं के लोग बैठक में भाग लिये। बैठक में निर्णय हुआ कि मंगलवार 8 अगस्त को पहाड़ी मंदिर, रांची में सामूहिक आरती का शुभारंभ किया जायेगा।

आगामी 20 अगस्त को रांची में हिंदू सुरक्षा मंच एक विशाल जनसभा का आयोजन करेगा। साथ ही सितंबर माह में सभी प्रमंडलों एवं अक्टूबर माह में सभी जिला केंद्रों पर बड़ी-बड़ी सभाओं का आयोजन करने का निर्णय हुआ। सभा के अंत में मणिपुर, मेवात सहित देश के अलग-अलग भागों में जो हिंदू भाइयों की संगठित एवं षड्यंत्र पूर्ण तरीके से हत्या हुई है उसका पुरजोर विरोध करते हुए सभी शहीद हुए आत्माओं की शांति के लिए मौन होकर प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललन कुमार शर्मा ने हिंदू सुरक्षा मंच की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हिंदू समाज विश्व में अल्पसंख्यक के दर्जे में हैं। भारत के बाहर से आये हुए सभी धर्मों के लोगों के लिए किसी को यूरोप एवं अमेरिका तो किसी को संपूर्ण अरब एवं खाड़ी के देश घर हैं परंतु हिंदुओं का तो केवल और केवल अपना देश हिंदुस्तान है पर आज हिंदुओं को हिंदुस्तान में रहना भी मुश्किल हो गया है। आज हिंदुओं के अस्तित्व पर ही खतरा है। हिंदू समाज को अपनी सभी सीमाओं को तोड़कर एकजुट एवं संगठित होकर धर्म विरोधियों का प्रतिकार करना पड़ेगा।

रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज हम सब संकल्प लें कि हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए सभी संगठित होंगे। झारखंड के किसी कोने में अब किसी भी भाई-बहन पर अत्याचार हुआ तो हम चुप बैठे नहीं रहेंगे। झारखंड से निकला हुआ यह नारा संपूर्ण भारत वर्ष में हर गांव तक जल्द ही पहुंच जायेगा। वहीं निवर्तमान डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय,चंद्रकांत रायपत, खूंटी जिला से प्रिय मुंडा, चाईबासा से बजरंग चिरानीया, हजारीबाग से मूलचंद साहू, सिख समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे गुरविंदर सिंह सेठी, दुमका से डॉ. अरविंद कुमार, लोहरदगा से ओम सिंह, खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन सहित अन्य ने अपनी बातें रखीं। इस मौके पर रांची से जीतू पाहन, सिमडेगा से जितवाहन बड़ाइक, पलामू से राजनाथ उरांव, धनबाद से विश्वजीत महतो सहित धनबाद, बोकारो, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज एवं देवघर से समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। रांची से प्रसून रायपत, रंजन पासवान, मुनचुन राय सहित कई हिंदू संगठन के लोगों की उपस्थिति रही।

# हम मंगल-चांद पर चले गये, पर देश स्वच्छ नहीं कर पाये: डॉ बिंदेश्वर

मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस दस्तावेज का शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस दस्तावेज का शुभारंभ सोमवार को हुआ। इसका विषय सीमांत साहित्य, सिनेमा और मीडिया है। मुख्य अतिथि सुलभ इंटरनेशनल के पद्मभूषण डॉ बिंदेश्वर पाठक थे। उद्घाटन समारोह में उनके साथ राज्यपाल के अकादमिक एडवाइजर प्रो डॉ इ बाला गुरुसामी, ओएसडी संजीव राय, अवधेश नारायण सिंह, रांची विवि के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पद्मश्री मुकुंद नायक, मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा आदि भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में डॉ पाठक ने कहा कि आज भी भारत में आधे जल-मल का ट्रीटमेंट नहीं होता। हम दिल्ली तक के सीवरेज का ट्रीटमेंट नहीं कर पाये। हम मंगल ग्रह और चांद पर चले गये, पर देश स्वच्छ नहीं कर पाये। देश आजाद हो गया, पर महिलाएं माथे पर मैला ढोती रहीं। गांधी जी ने कहा था कि भारतीय अंग्रेजों की गोली खा लेंगे, पर अछूतों के साथ भोजन नहीं कर सकते। हमें इस सोच से निकलना ही होगा। मैला ढोने की प्रथा, खुले में शौच जाने की प्रथा एक समस्या रही है।

रांची विवि के कुलपति ने स्वागत भाषण में डॉ बिंदेश्वर पाठक के कार्यों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल के अकादमिक एडवाइजर ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि हम चीन से बड़ी आबादी वाले देश हैं, पर सैनिटेशन और स्वच्छता में आज भी संतोषजनक स्थिति में नहीं हैं। अवधेश नारायण सिंह ने विस्तार से डॉ पाठक के सुलभ इंटरनेशनल की यात्रा और उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। समारोह में स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के विभागीय समाचार पत्र 'अभिव्यक्ति' को भी प्रस्तुत किया गया। इसे विभाग के छात्र ही प्राध्यापक मनोज शर्मा के नेतृत्व में प्रकाशित करते हैं। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डाक्यूमेंट्री तथा शॉर्ट फिल्मों का भी प्रदर्शन किया गया। संचालन वोकेशनल की डिप्टी डायरेक्टर डा स्मृति सिंह ने किया।

# पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**रांची (आजाद सिपाही)।** सावन मास की पांचवीं सोमवारी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। पहाड़ी मंदिर में बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा। रांची के कांके, कोकर, बूटी मोड़, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना में लीन रहे। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है। सावन के सोमवारी में भगवान शिव का चंद्रशेखर स्तोत्र का पाठ करना शुभ माना गया है।

## पहाड़ी मंदिर के पास खीर का वितरण किया गया



**रांची।** सावन के पांचवें सोमवार पर पहाड़ी मंदिर के समीप 251 केजी दूध का खीर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश सिंह दिलीप गुप्ता दीपू श्रीवास्तव अमित सोनी संतोष राय मनोज राय रोहित यादव दीपक राय छोटू यादव सुंदर यादव ऋषि सिंह विकास साहू रितिक वर्मा आदर्श वर्मा निहाल पांडे सोनू कुमार उपस्थित थे।

# कुलपतियों के सम्मेलन में शामिल हुए टीएन साहू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बाबा भीमराव आंबेडकर ओपेन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद एवं सेमका, मलेशिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के ओपेन विश्वविद्यालय कुलपतियों का सम्मेलन अहमदाबाद में चार से छह अगस्त तक आयोजित हुआ। सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने ओपेन विश्वविद्यालयों के अवसर और चुनौतियां विषय पर अपने विचार रखे। साथ में सीइएमसीए के निदेशक डॉ बशीर अहमद शद्रक ने भी अपने विचार रखे। सभी कुलपतियों ने एक-दूसरे के साथ सहयोग करने पर जोर दिया। झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ टीएन साहू भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड की भौगोलिक प्रकृति अन्य राज्यों से अलग है। झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में एक साल के कार्यकाल में 137 अध्ययन केंद्रों की स्थापना की है। यह ओपेन विश्वविद्यालय अपने केंद्रों के माध्यम से गांव स्तर तक जायेगा। सम्मेलन में आइजीएनओयू के कुलपति प्रो नागेश्वर राव, पंजाब ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति कमलजीत सिंह सहित 14 कुलपतियों ने भाग लिया। सम्मेलन में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ घनश्याम सिंह भी उपस्थित थे।

# यूनिक एकेडमी डांस एंड फिटनेस स्टूडियो में सावन मिलन कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू रोड स्थित यूनिक एकेडमी डांस एंड फिटनेस स्टूडियो ने सावन मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें महिलाओं ने थीम के अनुसार खुद को बहुत अच्छे से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डांसिंग, सिंगिंग, मॉडलिंग, क्विज और गेम्स हुआ, जिसमें मिस सावन क्वीन संगीता कुमारी और मिसेज सावन क्वीन वर्षा शेरखानी रहीं। जज सिम्मी गोस्वामी, प्रिया केशरी और सुमित साहू थे। इस उत्सव में एंकर शिखा कुमारी और रश्मि गुप्ता थीं। यह जानकरी संचालिका प्रिया केशरी ने दी।

# डीएवी आलोक में वन महोत्सव का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अरगोड़ा-नयासराय पथ स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में पौधरोपण का आयोजन कक्षा दो से कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने किया। इस अवसर पर एक सौ से ज्यादा फल एवं छायादार पौधों को स्कूल के प्रांगण में विभिन्न स्थानों पर बड़े उत्साह के साथ लगाया। इससे पहले जागरूकता रैली निकाली गयी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने अपने जीवन काल में प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 फलदार एवं छायादार पौधे लगाने का आह्वान किया।

# भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने बुनकरों को किया सम्मानित





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तिरिल आश्रम के खादी ग्राम उद्योग के बुनकरों को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को सम्मान प्रदान किया गया। खादी ग्राम उद्योग के बुनकरों को सम्मान कार्यक्रम प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक रेणुका मुर्मू के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम कहा गया कि स्वदेशी अपना कर ही हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत पूरी तरह से तभी बनेगा जब हम सभी स्वदेशी चीजें को अपनायेंगे। इस सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश की महामंत्री मंजू लता दुबे, डॉक्टर सीमा सिंह, मंत्री रेणु तिर्की, रीता शर्मा, मीडिया प्रभारी नीलम चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी रंजीता सिंह, प्रवक्ता सुचिता सिंह, लवली गुप्ता, कार्यालय मंत्री बबीता वर्मा, डॉली उपस्थित थीं।

# जेसीइसीइबी की मेधा सूची में बायोम इंस्टीट्यूट की छात्रा राखी कुमारी को रैंक वन

राज्य मेधा सूची के टॉप 20 में संस्था के दर्जनों विद्यार्थी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट के यूजी नीट 2023 में सफल हुए विद्यार्थी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीइसीइबी) की ओर से जारी राज्य मेधा सूची में भी संस्था के विद्यार्थियों ने अपनी जगह सुनिश्चित की है।


यूजी - नीट 2023 में झारखंड टॉपर छात्र राखी कुमारी (जेनरल) ने राज्य मेधा सूची के कॉमन मेरिट लिस्ट में रैंक 01 हासिल किया है। इसके अलावा राज्य मेधा सूची के टॉप 20 में 13 से अधिक छात्र ने अपनी जगह बनायी है। चिह्नित हुए विद्यार्थियों में अभय रैंक - 01 ( बीसी -1), हिमांश रैंक - 01 (इडब्ल्यूएस), प्रिया रैंक- 02 ( बीसी - 2), तंजील रैंक- 02 ( बीसी -1), महिया रैंक - 05 (जेनरल), शुभम रैंक - 07 (एस. सी), विनय रैंक - 13 ( बीसी - 2), सीमाब रैंक - 13 (बीसी -1), सोनम रैंक - 14 (बीसी - क), अनिरभान रैंक- 15 (बीसी - 2), राहुल रैंक - 15 ( एस. सी ), आकाश रैंक - 17 (बीसी -1 ) हासिल किया है। सफल विद्यार्थियों को बायोम इंस्टीट्यूट के निदेशक सह एमडी पंकज सिंह ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कहा कि सफल विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में भी चिह्नित हुए हैं। टॉपर छात्र मेडिकल काउंसलिंग कमेटी के पहले चरण की ही काउंसलिंग में विभिन्न एम्स मेडिकल कॉलेज में चिह्नित हुए हैं।

## 600 अंक तक जा सकता है राज्य मेडिकल कॉलेज का कट ऑफ

पंकज सिंह ने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को राज्य के मेडिकल कॉलेज में जगह मिलेगी। संस्था से जुड़े छात्र-छात्राओं को यूजी नीट काउंसलिंग में सहयोग किया जा रहा है। काउंसलिंग के लिए संस्था में टीम तैयार की गयी है। साथ ही विद्यार्थी को रैंक एंड कॉलेज स्टेटस की जानकारी देने के लिए सिस्टम तैयार किया गया है। जिसे देख विद्यार्थी अपने च्वाइस कॉलेज का सिक्वेंस बना सकते हैं। इस वर्ष राज्य मेडिकल कॉलेज का कट ऑफ अंतिम चरण की काउंसलिंग तक 595 से 600 अंक तक जा सकता है। 600 या इससे ज्यादा अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी पहले चरण की काउंसलिंग में ही मेडिकल कॉलेज हासिल कर लेंगे। इस वर्ष राज्य के मेडिकल कॉलेज में 50 सीट बढ़ी है। इसका लाभ विभिन्न श्रेणी के छात्र छात्राओं को मिलेगा।

# लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी दिल्ली सेवा बिल पास

### अमित शाह बोले- इसका मकसद भ्रष्टाचार रोकना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा हुई। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। अमित शाह के जवाब के बाद इस बिल पर वोटिंग हुई। विपक्षी नेताओं की ओर से प्रस्तावित किए गए सभी संशोधन ध्वनिमत से नकार दिए गए। बिल पर हुए मतदान में पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट पड़े। इसी के साथ बिल को राज्यसभा से मंजूरी मिल गयी। इस दौरान उन्होंने साफ किया कि दिल्ली का मामला अन्य राज्यों से अलग है। उन्होंने पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव को लेकर भी तर्क दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस बिल से सुप्रीम कोर्ट के किसी फैसले का उल्लंघन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बिल का उद्देश्य है कि दिल्ली में सुचारू रूप से भ्रष्टाचार मुक्त शासन हो। बिल के एक भी प्रावधान से, पहले जो व्यवस्था थी, उस व्यवस्था में एक इंच मात्र भी परिवर्तन नहीं हो रहा है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि दिल्ली की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिल लाया गया है। इस बिल का मकसद भ्रष्टाचार को रोकना है। इसका उद्देश्य संविधान के मुताबिक है।

### रोशन की हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने पांच घंटे तक रामगढ़-रांची मार्ग को रखा जाम

# अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग, पुलिस पर बरसीं विधायक अंबा

- हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की पुलिस-प्रशासन से ग्रामीणों ने की मांग, बांस बल्ली और टायर जला कर जाम रखी सड़क
- विधायक ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात
- मुख्यमंत्री और डीजीपी के निर्देशों का भी पालन नहीं कर रही रामगढ़ पुलिसः अंबा प्रसाद







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** बासल थाना क्षेत्र के गेगदा मोड़ के समीप रविवार को रात्रि करीब पौने सात बजे हथियार बंद बाइक सवार तीन अपराधियों ने माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन कुमार साव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद दुसरे दिन सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रामगढ़-रांची मार्ग पर अवस्थित लबगा मोड़ फोरलेन के पास बांस बल्ली और टायर जलाकर पांच घंटे तक सड़क जाम कर दिया। विधायक और एसडीपीओ के अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा जाम हटाया गया। रोशन की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह सात बजे से लबगा मोड़ फोरलेन को बांस बल्ली और टायर जलाकर जाम कर दिया। इस दौरान फोरलेन के दोनो किनारे दर्जनो छोटे-बड़ी वाहनो की लंबी कतार लग गई। ग्रामीण पुलिस-प्रशासन से हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग करते रहें। सड़क जाम की जानकारी मिलते ही पतरातू एसडीपीओ डॉ. विरेंद्र कुमार चैधरी, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, पतरातु थाना के एसआइ अभय कृष्ण गिरी, भदानीनगर ओपी के एएसआइ संजय सिंह दलबल के साथ पहुंचे। जहां एसडीपीओ ने ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण हत्यारों की अविलंब गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहें। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को काफी खरी-खोटी भी सुनाया। घटना कि जानकारी मिलने के बाद विधायक अंबा प्रसाद वहां पहुंची। विधायक ने बिलखते परिजनों को ढ़ाढ़स बंधाते हुये हर संभव सहयोग करने की बात कही। साथ ही विधायक ने एसडीपीओ से घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद 24 घंटे के अंदर हत्यारो को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। एसडीपीओ के सकारात्मक आश्वासन और विधायक के कहने पर दोपहर 12 बजे सड़क जाम हटा। सड़क जाम में पार्षद राजाराम प्रजापति, लबगा मुखिया शिवप्रसाद मुंडा, भाजपा नेता आशीष शर्मा, रूपलाल साव, रवि साव, जितेंद्र मुंडा, बसंत साव, भरत साव, नितेश कुमार, राजेश्वर कुमार, राजेंद्र साव, आर्दश कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप साव, पिंटु कुमार, सलिंद्र साहु, विनोद साव, लालु कुमार, राजु साव, मोहन कुमार, नरेश साव, बालदेव यादव, सुनील साव सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थें। इधर सूत्रों की माने तो पुलिस रात्रि में रसदा लबगा और तालाटांड गांव से 5-6 लोगो को हिरासत मे लेकर पुछताछ कर रही है।

# सर्ड में 13 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस 2023

- राष्ट्रीय सेमिनार का भी होगा आयोजन
- सर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सूचना एवं पुस्तकालय संघ की बैठक सर्ड पुस्तकालय रांची में हुई। इसमें 13 अगस्त को सर्ड ऑडिटोरियम में संघ एवं सर्ड के सम्मिलित तत्वावधान में डॉ एसआर रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस 2023 एवं राष्ट्रीय सेमिनार (जिलासेम '23) के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त को सर्ड एकेडमिक कैंपस, काजू बागान, रातू रोड, डीएवी स्कूल, हेहल (जूनियर विंग) के निकट, रांची में 9.30 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। इसके लिए 7654707092, 9431104313, 9835334612, 8709792001, 8825335447 और 7209779462 पर संपर्क किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में पुस्तकालय विज्ञान में डॉ एसआर रंगनाथन का पुस्तकालय योगदान' व 'समाज में पुस्तकालयों की भूमिका एवं सूचना सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर विचार मंथन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश सिंह, आइएएस, निदेशक, सर्ड, विशिष्ट अतिथि कर्नल (डॉ) राजेश कुमार, रजिस्ट्रार, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय रांची तथा संसाधन वक्ता प्रो बीके सिन्हा, शिक्षाविद, रांची विवि, डॉ भास्कर कर्ण, प्रोफेसर, बीआइटी मेसरा, शैली होंगे। बैठक में अनिल सिंहा, संजय कर्ण, शंभु राय उपाध्याय, रबिन कुमार, प्रेम प्रकाश, डॉ नागेश कुमार एवं शालिनी शामिल थीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पहाड़ी बाबा की भव्य संध्या महाआरती



**रांची (आजाद सिपाही)।** आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि श्रावण मास के पांचवी सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा संध्या 5:00 बजे पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की 101 दियों और धुनों से भव्य संध्या महाआरती की गयी। महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजानमैय हो गया उसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। धुनों से की गयी संध्या महाआरती में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित रहे। साथ ही बाबा भोलेनाथ के गानों में सभी भक्त गण झुम कर पहाड़ी बाबा को नमन करते हुए बाबा से प्रार्थना की कि पूरे भारत में सुख शांति और समृद्धि व्याप्त हो। संध्या महाआरती में भारतेंदु कुमार, नंद किशोर सिंह चंदेल, उज्जवल कुमार सिन्हा, सचिन कुमार, शेरू सिंह, नीरज सिंह, सुनील यादव, अशोक यादव, अविचल सिंह, अमित सिंह चंदेल, मनोज सिंह, दिलिप सिंह, अमित कुमार रॉय, मनोज कुमार सिंह, उज्जवल सिंह, दीपक, शुभाशीष चटर्जी, रॉनित साहू, अनीश, रॉकी रोशन, शुभम चौधरी, संजना शर्मा, शिल्पी कुमारी वर्मा, पूजा कुमारी, सुप्रिया सिंह, रंजीता जी, स्वप्ना चटर्जी,बबीता सिंह, पूनम जायसवाल, वीना, रीना, रेनू रॉय, ललिता रितिक मुखर्जी,नीतू बजाज, वृद्धि भारद्वाज, सरिता सिंह, गोपा मुखर्जी, चंदा मुखर्जी और सुमन सिंह का योगदान रहा।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जी-20 प्रेसिडेंसी समिट का आयोजन आज से




**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जी-20 प्रेसिडेंसी समिट के उदघाटन के संबंध में आज सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। इसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर के अतिरिक्त जे वी एम श्यामली, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल एवं फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्राचार्या भी उपस्थित थे। प्राचार्या परमजीत कौर ने उद्घाटन समारोह के संबंध में बताते हुए कहा कि उद्घाटन समारोह सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 8 अगस्त को आयोजित होगा। इस अवसर पर रिजनल ऑफिसर अरविंद कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम 8 से 12 अगस्त तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के प्रति स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है।

### एफएम रेडियो ऑरेंज/ धमाल 106.4 की दूसरी वर्षगांठ पर वाइल्ड वादी वॉटर पार्क में कार्यक्रम

**रांची (आजाद सिपाही)।** एफएम रेडियो ऑरेंज /धमाल 106.4 की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर केक कटिंग का कार्यक्रम वाइल्ड वादी वॉटर पार्क के तत्वावधान में वाइल्ड वादी वॉटर पार्क में हुआ। जिसमें नेशनल आरजे जया ने कार्यक्रम का संचालन किया इस मौके पर एफएम रेडियो के दूसरी वर्षगांठ पर केक काटकर इसको मनाया गया। इस मौके पर कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम जैसे डांस, गाना और तरह-तरह के खेलों का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए वाइल्ड वादी पार्ट वाटर पार्क के संचालक शैलेंद्र जायसवाल ने कहा कि रांची की जनता का और झारखंड के लोगों का अच्छा रिस्पांस यहां मिल रहा है। आने वाले 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक हम सभी आने वाले लोगों के लिए 100 रुपये में एंट्री और सारी सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। एफएम रेडियो ऑरेंज धमाल के झारखंड बिहार हेड अभिषेक श्रीवास्तव ने लोगों को रेडियो की उपयोगिता और जरूरत से अवगत कराया। इस मौके पर वाइल्ड वादी वॉटर पार्क के संचालक शैलेंद्र जयसवाल, एफएम रेडियो ऑरेंज धमाल के बिहार/ झारखंड हेड अभिषेक श्रीवास्तव, नीरज पांडे और आफताब आलम सहायक प्रबंधक एफएम रेडियो ऑरेंज धमाल मौजूद रहेंगे।

### सरयू राय ने नीतीश कुमार को पत्र लिखा

**रांची (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को पत्र भेजकर अपील की है कि वे तख्त श्री हरमंदिर जी, पटना साहिब की 15 सदस्यीय समिति में झारखंड के सिख समुदाय की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। यह भागीदारी 1955 में तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के संचालन के लिए गठित प्रबंध समिति में हाल तक चली आ रही है। उन्होंने इस पत्र की प्रति झारखंड के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भी भेजी है। सरयू राय ने यह मुद्दा 2 जुलाई को झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में भी उठाया था।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में कार्यशाला

# शिक्षा विद्यार्थियों को संस्कार पूर्ण और रोजगारोन्मुख बनाती है : नीता पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची इफेक्टिव क्लासरूम मैनेजमेंट पर इन हाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कंप्लेक्स रांची के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार सिंह ने विद्यालय में कक्षा प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का आधार फलक बहुत विस्तृत है। शिक्षकों को अपने बच्चों की अच्छाई और कमजोर पक्ष को जानकार उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित और सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षक कक्षा में जाने से पहले विषयवस्तु की अच्छी तरह से तैयारी कर ले। कहा कि बच्चों को कहानी, खेलकूद एवं अन्य क्रियाकलापों के माध्यम से अध्ययन अध्यापन के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित करना चाहिए। अच्छी किताबें शिक्षकों के लिए शिक्षण का सर्वाधिक सशक्त साधन है।



मौके पर कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ नीता पांडेय ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों को संस्कार पूर्ण और रोजगारोन्मुख बनाये साथ-साथ यह रोचक एवं उद्देश्यपूर्ण हो। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला। इससे पहले अमित कुमार सिंह और प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। बच्चों ने सतीश मिश्रा के संगीत निर्देशन पर 'गुंजित है चारों दिशाएं पुलकित है धरती' शीर्षक गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज और एसटीएनसी सिराजुद्दीन पंडित एवं संचालन शिक्षिका विनीता वर्मा ने किया।

# भगवान शिव ही प्रकृति पुरुष हैं: रामदेव पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिवपुराण के कथा में सोमवार को पं रामदेव पांडेय ने कहा कि शिव प्रकृति पुरुष है। अष्ट भैरव है। अष्ट मंगल है। शिव अष्टमूर्ति है। शिव की प्रकृति आठ रूपों में बंटी है। पृथ्वी, जल, आग, हवा,आकाश, मन, बुद्धि और अंहकार है। इंद्रियां मन और बुद्धि भौतिक प्रकृति से है। यही आठ वसुधा का समान और सम्मिलित रूप ब्रह्मांड में है। जो ब्रह्मांड में है, वह इस मानव शरीर में है। इसलिए मानव शरीर और शिव लिंग को भी पिंड कहा जाता है। मानव शरीर की रचना में आठ प्रकृति है। इसमें पांच उंगलियां और ज्ञान इंद्रियां पांच देवता के प्रतिनिधि हैं। इस प्रकृति के जीव रूप में कामदेव के पांच बाण है। रूप, रस, गंध, स्पर्श और आकाश जो देवता, गंधर्व, मनुष्य और पशु पक्षी सभी जीवों में है। शिव काम कैलाश को दबा कर बैठे हैं, तो बसहा बैल धर्म को गतिमान रूप में सवारी बना कर रखें है। काम कैलाश पर शिव के अलावा कोई चढ़ भी नहीं सकता है, जहां आज भी ओमकार स्वयं प्रतिध्वनित होती है, जबकि पास ही एवरेस्ट उसे हजार मीटर बडी चोटी है। उस पर



सैकड़ों पर्वतारोही ध्वज फहराये, शिव ही अमृत और अकाल मृत्यु के कारण है। शिव कामारि होकर भी कुशल गृहस्थ है, जो इस पंचबाण को जीत लिया। पं रामदेव पांडेय ने कहा कि गीता में कृष्ण ने भी कहा है : मैं देवताओं में शंकर हूं। शिव के पूजन से कृष्ण सहित ब्रह्मांड के सभी देवताओं की पूजा हो जाती है। रूद्रअष्टअध्यायी के वैदिक मंत्र में गणेश, विष्णु लक्ष्मी, इंद्र, सूर्य, रुद्र, सोम, महामृत्युंजय देव, अग्नि, शिव सहित सभी वैदिक देवता की पूजा केवल रुद्राभिषेक करने से प्राप्त होता है। यह शिव अपने को त्रिदेवों में विभक्त करता है। ब्रह्मा, विष्णु महेश होकर ब्रह्म कहलाता है। यही सत, रज, तम है। यही दर्शन शास्त्र में इड, इगो और सुपर इगो है। इसलिए दुनिया के जो प्रकृति पूजा है। वे शैव हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को साल में एक बार शिव का रूद्राभिषेक जरूर करना चाहिए।

### श्री शिवमहापुराण कथा का समापन

# भगवान शिव के निराकार स्वरूप का प्रतीक है शिवलिंग : स्वामी परपूर्णानंद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित पावन श्री शिवमहापुराण कथा के सप्तम एवं अंतिम दिन भक्तों का उत्साह वंदनीय था साथ ही पावन कृपा का विदाई का अवसाद भी था। अपराह्न 4 बजे स्वामी परपूर्णानंद के व्यास पीठ पर विराजमान होने के बाद पारंपरिक पूजन वंदन के साथ स्वामी श्री ने शिव व्याख्यान को आगे बढ़ते हुए कहा कि शिवलिंग भगवान शिव के निर्गुण और निराकर स्वरूप का प्रतीक है। सच्चिदानंद स्वरूप आनंदघन भगवान शिव सर्व व्यापी हैं। आगे स्वामी जी ने शिव के विभिन्न अंसावतार व पूर्णावतार का विस्तृत ज्ञान बांटा साथ ही। कहा कि 19वें कल्प में सत्योजात शिव का अवतार हुआ। नाम देव शिव, महाबाहु स्वरूप शिव, अघोर रूप में महादेव आदि अनेक रूपों में शिव ने अवतार लिया। आकाश, पृथ्वी, जल, वायु एवं अग्नि सभी में शिव का वास है। साथ ही व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए प्रसंगवश स्वामी जी ने नरसिंह अवतार का सुंदर वर्णन किया। काल भैरव शिव के ही अवतार हैं, जो काशी में कोतवाल के रूप में विराजमान हैं। साथ ही कहा की राम भक्त हनुमान शिव के हीं अंशावतार हैं - पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा की शिव के तेज को पवनदेव ने अंजनी के गर्भ स्थापित किया, इसलिए हनुमान पवन पुत्र, अंजनिसूत, शंकर सुवन व केसरीनंदन कहलाये। स्वामी जी ने द्वादश शिवलिंगों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। शिव का श्रृंगार हर स्वरूप में अपने आपमें विशेष है। इस प्रकार शिव के ज्योति लिंगों एवं दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने शिवमहापुराण कथा को विराम दिया।

सोमवार को अंतिम दिन का कथा का समापन आरती शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर एमसी खेतान के परिवार द्वारा किया गया। साथ में प्रसाद वितरण के साथ साथ दिनों तक चलने वाली शिवमहापुराण का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश चंद्र पोद्दार, चंद्र प्रकाश बागला, श्याम सुंदर पोद्दार, रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनियां, ओम जोशी, मनोज सिंघानिया, धीरज बंका, राकेश सारस्वत, विजय शंकर साबू का सहयोग रहा।

# दिल्ली सर्विस बिल : आर-पार की लड़ाई?

**मृत्युंजय शर्मा**

दिल्ली सेवा बिल को लेकर इन दिनों केंद्र सरकार और विपक्षी दलों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। मॉनसून सत्र में दिल्ली सेवा बिल लाया गया है, जिस पर आम आदमी पार्टी की अगुवाई में संसद में लगातार हंगामा किया जा रहा है। केजरीवाल इसे केंद्र सरकार की तानाशाही बता रहे हैं, तो केंद्र भी संविधान का हवाला देकर उक्त कानून में किये जा रहे बदलावों को उचित बता रहा है।

दरअसल, दिल्ली में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 लागू है, जो विधानसभा और सरकार के कामकाज के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। साल 2021 में केंद्र सरकार ने इसमें संशोधन किया था। जिसमें दिल्ली में सरकार के संचालन, कामकाज को लेकर कुछ बदलाव किए गये थे। इसमें उपराज्यपाल को कुछ अतिरिक्त अधिकार भी दिए गए थे। संशोधन के मुताबिक, चुनी हुई सरकार को किसी भी फैसले के लिए एलजी की राय लेना जरूरी था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने इस पर अपना फैसला सुनाया था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी। अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर और उनकी पोस्टिंग भी कर दिल्ली सरकार खुद से कर पाएगी। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य हैं। इस फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल पास थे। हालांकि, कोर्ट के फैसले के एक हफ्ते बाद केंद्र सरकार एक अध्यादेश लेकर आई। केंद्र ने 'गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली ऑर्डिनेंस, 2023' लाकर प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले का अधिकार वापस उपराज्यपाल को दे दिया।

इस अध्यादेश के तहत राष्ट्रीय राजधानी सिविल सर्विसेज अथॉरिटी का गठन किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली के मुख्य सचिव और गृह सचिव को इसका सदस्य बनाया गया है। मुख्यमंत्री इस अथॉरिटी के अध्यक्ष होंगे और बहुमत के आधार पर यह प्राधिकरण फैसले लेगा। हालांकि, प्राधिकरण के सदस्यों के बीच मतभेद होने पर दिल्ली के उपराज्यपाल का फैसला ही अंतिम फैसला माना जायेगा। नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली एक्ट में भी बदलाव किया गया है। इसके तहत एलजी को ऑफिसरों के ट्रांसफर, पोस्टिंग आदि में अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार दिल्ली के मामले में तय करेगी कि ऑफिसर का कार्यकाल क्या हो, सैलरी, ग्रेच्युटी, पीएफ आदि भी तय करेगी। उनकी पावर, ड्यूटी और पोस्टिंग भी केंद्र तय करेगी। किसी पद के लिए उनकी योग्यता, पेनल्टी और सस्पेंशन आदि की पावर भी केंद्र के पास ही होगी।

अब केजरीवाल इस बात को तो प्रसारित कर रहे हैं कि नए ऑर्डिनेंस से दिल्ली सरकार के अधिकार कम कर दिए जाएंगे और कुछ विषयों पर उनकी स्वायत्तता प्रभावित होगी। इसके जबाव में केंद्रीय गृह मंत्री ने संसद में स्पष्ट कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा विजिलेंस विभाग को इसीलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वहां आबकारी घोटाले की फाइल, मुख्यमंत्री के नये बंगले के निर्माण पर अवैध रूप से हुए खर्च की फाइल सहित इनके अनेक घोटालों की फाइलें हैं।

केजरीवाल को आशंका है कि घोटाले की जांच उन तक पहुंच सकती है, लेकिन फिर भी केजरीवाल इसे महज दिल्ली बनाम केंद्र के बीच का मसला नहीं बनाए रखना चाहते। वो इसे केजरीवाल बनाम मोदी बनाना चाहते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में वे स्वयं को मोदी के सामने खड़ा करना चाहते हैं। दिल्ली सेवा बिल के बहाने उन्होंने कई राज्यों के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समर्थन प्राप्त किया है। प्रारंभ में कांग्रेस समर्थन करने को तैयार नहीं हुई तो केजरीवाल विपक्ष के बैठक को बॉयकॉट करने की बात कह डाली। अंततः कांग्रेस को भी भारी मन से अध्यादेश का समर्थन कर विपक्षी एकता का परिचय देने के लिए विवश होना पड़ा।

जरा याद करिए, लोकपाल आंदोलन का वो दौर। पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आग भड़की हुई थी। लोग सिस्टम में बदलाव चाहते थे। अन्ना हजारे के चेहरे पर इस आंदोलन को अपार जन समर्थन मिला और इस आंदोलन से जुड़े लोगों को देश भर में अच्छी-खासी प्रसिद्धि हासिल हुई। आंदोलन का संयोजक होने के नाते अरविंद केजरीवाल इस भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के पोस्टर बॉय बन गये। भ्रष्टाचार के खिलाफ जन लोकपाल बिल लाने के बड़े-बड़े दावे किए गये। चुनावी राजनीति से दूर रहने की घोषणा करने वाले केजरीवाल ने ना सिर्फ चुनाव लड़ा, बल्कि कांग्रेस के समर्थन से ही पहली बार मुख्यमंत्री भी बने। अन्ना के आंदोलन का सबसे मजबूत सिपाही सत्ता मिलते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को भूल गया। नतीजन, आज दिल्ली के दो मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं। केजरीवाल स्वयं अपने बंगले पर 45 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद जांच के घेरे में हैं।

केजरीवाल उप राज्यपालों पर हस्तक्षेप का आरोप लगाते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि उप राज्यपाल संवैधानिक अधिकार के दायरे में ही रहकर काम करते हैं। शीला दीक्षित अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं लेकिन कभी भी केंद्र और दिल्ली के बीच टकराव की नौबत नहीं आयी। केजरीवाल को यह समझना होगा कि संवैधानिक बाध्यता के चलते अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री की तरह उन्हें स्वायत्तता और अधिकार नहीं मिल सकते ' केंद्र शासित प्रदेश होने की वजह से दिल्ली की शासन व्यवस्था में केंद्र का हस्तक्षेप सदैव रहेगा ' इसलिए बेहतर होगा कि दिल्ली सरकार केंद्र से समन्वय स्थापित कर भ्रष्टाचार उन्मूलन और जनहित के मुद्दों पर काम करे तथा अनावश्यक टकराव की स्थिति को समाप्त करे '

**(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं।)**

## आम-सूचना

शपथ पत्र संख्या 163 दिनांक 07.08.2023 के अनुसार मैं, शुभेन्द्र नाथ शाहदेव उम्र - 65 वर्ष, पिता स्व. ठाकुर ब्रजेन्द्र नाथ शाहदेव, निवास स्थान- जरिया बंगला कदमा खुंटी, पोस्ट + थाना-खूंटी, जिला - खूंटी झारखंड शपथपूर्वक बयान देता हूं कि निम्नलिखित बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है:-

1. यह कि मैं अखबार में प्रकाशन हेतु आम सूचना देना चाहता हूं जो निम्नलिखित है।
2. यह कि दिनांक 4 अगस्त 2023 को दैनिक जागरण के रांची एडिशन, पेज संख्या 2 में चंद्रकांत कौशल अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय रांची ENR नंबर JH27 6/2021 अपने मुवक्किल कुमार धुरवेंद्र नाथ शाह देव, पिता स्वर्गीय ब्रजेंद्र शाहदेव के पक्ष में दिए गए आम सूचना से यह जानकारी हुआ कि कुमार धुरवेंद्र नाथ शाहदेव, पता कमड़ा थाना तोरपा ज़िला खूंटी ने लाल अंबिका नाथ शाहदेव पिता स्वर्गीय लाल नरेन्द्र नाथ शाहदेव, पता पालकोट हाउस, लेक रोड कोतवाली जिला रांची को पावर ऑफ अटॉर्नी डीड संख्या 153 दिनांक 29/01/2010 के माध्यम से मौजा सीमलिया थाना रातु जिला रांची के अंतर्गत खाता संख्या 1, 2 एवं 3 कि रजिस्टर्ड मुखतारनामा दिया था एवं श्री निसार अहमद पिता स्वर्गीय नूर अहमद पता कांटा टोली थाना लोअर बाजार जिला रांची को भी पावर ऑफ अटॉर्नी डीड संख्या 167 दिनांक 24/04/1996 को दिया था फिर उपरोक्त दोनों ही डीड को दिनांक 26/07/2023 को रजिस्ट्री रिवोकेशन के माध्यम से कैंसल किया था।
3. यह कि उपरोक्त विषय के संदर्भ में सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है की धुरवेंद्र नाथ शाह देव ने अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है और गलत तरीके से पावर ऑफ ऐटॉर्नी देने का कार्य किया है। उनके उत्तराधिकार दायित्व कानूनी रूप से प्रशनाधीन है, अतः इसी तरह किसी और भी व्यक्ति को अगर कुमार धुरवेंद्र नाथ शाहदेव पिता स्वर्गीय ब्रजेन्द्र नाथ शाहदेव पता कमड़ा ए थाना तपकरा जिला खूंटी ने अगर पावर ऑफ अटॉर्नी दिया है तो वह कानूनी रूप से गलत होगा।
4. यह कि अवैध खरीद बिक्री करने या अवैध पॉवर ऑफ अटॉर्नी देने पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
5. यह कि उपरोक्त सभी बाते मेरी जानकारी मैं सही एवं सत्य है।

# कसौटी पर लोकतंत्र

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बहुचर्चित तोशाखाना मामले में तीन साल जेल की सजा सुनाये जाने के तत्काल बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने उन्हें पांच साल के लिए राजनीति के अयोग्य भी करार दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब पाकिस्तान की मौजूदा संसद का कार्यकाल करीब-करीब पूरा होने को है। माना जा रहा है कि दो सप्ताह में कार्यकाल पूरा करने के बाद संसद को भंग कर दिया जायेगा और नवंबर तक देश में नये चुनाव होंगे। यानी इमरान खान को ऊपरी अदालतों से ठोस राहत नहीं मिली, तो वह इन चुनावों में शिरकत नहीं कर पायेंगे। स्वाभाविक ही उनकी पार्टी पीटीआइ ने अदालत के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देने की बात कही है। खुद इमरान खान गिरफ्तारी से पहले तैयार किये गये एक विडियो में लोगों से खुली अपील कर चुके हैं कि वे घरों में चुप होकर बैठे न रहें। उनकी इस अपील को मई में हुई उनकी गिरफ्तारी के संदर्भ से जोड़ कर देखा जा रहा है, जब पाकिस्तान के कई शहरों में हिंसा, आगजनी और लूटपाट की स्थिति पैदा हो गयी थी। इस बार कम से कम तत्काल उस तरह के हालात बनते नहीं दिखे। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री पद से हटाये जाने के बाद उनकी लोकप्रियता में खासा इजाफा देखा गया। बाद के महीनों में हुए उपचुनावों के नतीजों से भी इसकी पुष्टि हुई। ऐसे में सवाल है कि इमरान खान के खिलाफ आया यह फैसला पाकिस्तान में घटनाओं को कैसा मोड़ देगा। इस मामले में ऊपरी अदालतों का रुख साफ होना अभी बाकी है। मई में हुई गिरफ्तारी के बाद उन्हें हाइकोर्ट से राहत मिल गयी थी।

**पीटीआइ ने अदालत के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देने की बात कही है। खुद इमरान खान गिरफ्तारी से पहले तैयार किये गये एक विडियो में लोगों से खुली अपील कर चुके हैं कि वे घरों में चुप होकर बैठे न रहें।**

उनकी पार्टी पीटीआइ इस बार भी अदालत के फैसले को पूर्वाग्रह से युक्त बता रही है, लेकिन पाकिस्तान की राजनीति में सेना और कोर्ट का रुख अक्सर चुनावी राजनीति को निर्णायक तौर पर प्रभावित करता रहा है। इमरान खान भी पाकिस्तानी फौज से तनातनी के बाद ही पद से हटे। हालांकि उनके खिलाफ संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसमें उनकी सरकार बहुमत साबित नहीं कर पायी, लेकिन उनका आरोप है कि परदे के पीछे से पाकिस्तानी फौज का दबाव अपना काम कर रहा था। दिलचस्प है कि तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने और तीनों बार फौज या कोर्ट के दखल के कारण पद गंवाने वाले नवाज शरीफ की पार्टी अभी सरकार में है, जिसकी अगुआई उनके छोटे भाई शाहबाज शरीफ कर रहे हैं, लेकिन इमरान के प्रति इस सरकार का रुख बिल्कुल वैसा ही है, जैसा इमरान खान का इन पार्टियों के प्रति तब था, जब वह कथित तौर पर आर्मी की सहायता से सत्ता का सुख भोग रहे थे। ऐसे में पाकिस्तान में लोकतंत्र के मजबूत होने और राजनीति पर सेना की पकड़ कमजोर होने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है।

**दुनिया में कुल होने वाली मौतों में से प्रति वर्ष 75 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं। गैर संचारी रोग जिस तेजी से बढ़ रहे हैं और जितनी बड़ी तादाद में यह मौतों की वजह बन रहे हैं, वह निश्चय ही चिंता का विषय होना चाहिए। इस बारे में आम लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वह इससे बच सकें। डब्ल्यूएचओ ने चेताया है कि कुल स्वास्थ्य प्रगति के बावजूद गैर संचारी रोगों की वजह से हो रहे भारी नुकसान के बड़े खतरे हैं। अगर यही चलन जारी रहा तो वर्ष 2050 तक हृदय संबंधी बीमारियों, कैंसर, डायबिटीज और सांस संबंधी बीमारियां हर साल होने वाली लगभग 9 करोड़ मौतों में से 86 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार होंगी।**

# खराब जीवन शैली के कारण जिंदगी दांव पर

**अमरपाल सिंह वर्मा**

विभिन्न बीमारियां समूचे विश्व में चिंता का विषय बनी हुई हैं। विभिन्न स्तरों पर बीमारियों की चुनौतियों से जूझने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन बीमारियों के रूप में नित नए खतरे सामने आ रहे हैं। दुनिया में संक्रामक रोग तो चिंता की वजह बने ही हैं, इसके साथ-साथ अब नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) अर्थात गैर-संचारी रोग भी चुनौती बनते जा रहे हैं। मानव स्वास्थ्य को जितना खतरा जीवन शैली से जुड़े गैर संचारी रोगों से है, उससे ज्यादा खतरा इस बात से है कि समुदाय में गैर संचारी रोगों को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। गैर-संचारी रोगों के कारण आम लोगों की जिंदगी दांव पर लगी हुई है।

यह स्थिति तब है, जब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) अपनी एक रिपोर्ट में बता चुका है कि दुनिया में कुल होने वाली मौतों में से प्रति वर्ष 75 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं। गैर संचारी रोग जिस तेजी से बढ़ रहे हैं और जितनी बड़ी तादाद में यह मौतों की वजह बन रहे हैं, वह निश्चय ही चिंता का विषय होना चाहिए। इस बारे में आम लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वह इससे बच सकें। डब्ल्यूएचओ ने चेताया है कि कुल स्वास्थ्य प्रगति के बावजूद गैर संचारी रोगों की वजह से हो रहे भारी नुकसान के बड़े खतरे हैं। अगर यही चलन जारी रहा तो वर्ष 2050 तक हृदय संबंधी बीमारियों, कैंसर, डायबिटीज और सांस संबंधी बीमारियां हर साल होने वाली लगभग 9 करोड़ मौतों में से 86 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार होंगी।

**30 से 69 वर्ष आयु वर्ग में, गैर-संचारी रोगों के कारण असामयिक होने वाली 85 फीसदी मौतें निम्न और मध्य-आय वाले देशों में होती हैं।**



**डब्ल्यूएचओ ने गैर-संचारी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के नजरिए से तत्काल उपाय किये जाने की वकालत की है क्योंकि विश्व में हर 10 में से सात मौतें गैर संचारी रोगों के कारण होती हैं, जिनमें हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन तंत्र रोगों सहित अन्य बीमारियां शामिल हैं।**

गैर-संचारी रोगों के मामले में भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां लोगों में डायबिटीज, हार्ट डिजीज, कैंसर, फेफड़ों से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में 2019 में हुई कुल मौतों में से 66 प्रतिशत मौतों के लिए गैर संचारी रोग ही जिम्मेदार रहे।

डायबिटीज, हार्ट डिजीज, कैंसर, फेफड़ों से संबंधित ये रोग संक्रामक नहीं हैं, फिर भी बढ़ रहे हैं और मौत का कारण बन रहे हैं। तंबाकू एवं शराब पीने, शारीरिक गतिविधियों का अभाव और अच्छे आहार की कमी ऐसे मुख्य कारण हैं, जिनकी वजह से लोगों का जीवन जोखिम में पड़ रहा है। डॉक्टर देश में फैल रहे गैर-संचारी रोगों की मुख्य वजह खराब जीवन शैली को मानते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों एवं बड़ों में बढ़ते मोटापे के कारण उन बीमारियों का जोखिम बढ़ रहा है, जो जीवन शैली से जुड़ी हुई हैं। लोग पैदल चलना ही छोड़ गये हैं। आरामतलब जीवन उन्हें एक स्थान पर पड़े रहने का आदी बना रहा है। समय-समय पर जांच के अभाव में लोगों को इन बीमारियों की भनक भी नहीं पड़ पाती। जब तक मालूम पड़ता है, तब तक कई बार स्थिति गंभीर हो चुकी होती है। मोटापे की वजह से न केवल बड़ों, बल्कि बच्चों में भी लिवर समस्याएं, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, पित्ताशय की पत्थरी की दिक्कतें सामने आ रही हैं। गैर संचारी रोगों का खतरा कितना बढ़ रहा है, इसका अंदाजा डब्ल्यूएचओ की चिंताओं से लगाया जा सकता है। डब्ल्यूएचओ की एक नयी रिपोर्ट दर्शाती है कि निम्न और निम्नतर से मध्य आय वाले देशों में प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति एक डॉलर से भी कम अतिरिक्त निवेश करके, वर्ष 2030 तक लगभग 70 लाख मौतों की रोकथाम की जा सकती है।

डब्ल्यूएचओ ने गैर-संचारी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के नजरिए से तत्काल उपाय किये जाने की वकालत की है क्योंकि विश्व में हर 10 में से सात मौतें गैर संचारी रोगों के कारण होती हैं, जिनमें हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन तंत्र रोगों सहित अन्य बीमारियां शामिल हैं।

दुखद पहलू है कि इसके बावजूद, निम्नतर-मध्य और कम आय वाले देशों में इन बीमारियों के असर को कम आंका जाता है। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि बांग्लादेश, भारत, नेपाल, मिस्त्र, इंडोनेशिया, बोलिविया, रवांडा, सीरिया, वियतनाम, मोरक्को, मोलदोवा सहित अन्य देशों में ये बीमारियां, स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक नजरिए से एक बड़ा बोझ हैं।

30 से 69 वर्ष आयु वर्ग में, गैर-संचारी रोगों के कारण असामयिक होने वाली 85 फीसदी मौतें निम्न और मध्य-आय वाले देशों में होती हैं। इसके दृष्टिगत रिपोर्ट में गैर-संचारी बीमारियों की रोकथाम और उनके प्रबंधन में तत्काल निवेश की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

## जमशेदपुर की खबरें

### रिमझिम सावन उत्सव में 31 महिलाओं ने भाग लिया, तीन महिलाएं विजेता घोषित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी कागलनगर के फैमिली रेस्टोरेंट में रिमझिम सावन उत्सव संचालिका कविता दास के नेतृत में महिलाओं ने धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनायी। सोमवार को उत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा झारखंड लोकसभा के प्रभारी उदय सिंह देव उपस्थित रहे। वही जज के रूप में समाजसेवी सीता सिंह, कविता दास, फातिमा शाहिन शामिल रहे। रिमझिम सावन उत्सव में कुल 31 महिलाओं ने भाग ली। इसमें 3 महिलाएं विनर घोषित की गयी। जिसमें प्रथम पुष्पा, द्वितीय सपना और तृतीय रंजीता शामिल है। तीनों विजेता महिलाओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। सावन महोत्सव कार्यक्रम में डांस, म्यूजिक, रेम वॉक, प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता, डांस परफॉर्मेंस, सोलो डांस गेम, सावन की मस्ती, धूम धमाल महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ की। मौके पर सभी महिलाओं ने पूरी मस्ती की। इस अवसर पर ललित शर्मा, नीलम, चांदनी तिवारी, सीमा वर्मा, नमिता उपाध्याय, अरविंदर कौर, लकी सिंह, लवली सिंह, माधुरी सिंह, मनीषा, प्रीति, शुक्ला हलधर रूबी, नेहा दास, लल्ली सहित कुल 50 महिलाएं शामिल रही।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में 8 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित की गयी। सोमवार को यूनियन के महामंत्री आरके सिंह के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में सभी कर्मचारियों को शोल ओढा कर व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर 8 सेवानिवृत्त कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल रहे। मौके पर फाउंड्री से दीपांकर सिंह, फ्रेम फैक्ट्री से अनिरुद्ध साहा, व्हीकल फैक्टरी से महेश्वर दास, कैब एंड कौल फैक्टरी से दयानिधि महतो और यूसुफ आलम अंसारी, वेहिकल फैक्ट्री से शिवजी शर्मा, इंजन से मुतुर्जा, एक्सल डिवीजन से मुरुगेसन को महामंत्री आरके सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री सिंह ने बहुमूल्य समय कंपनी को देने व कंपनी का मान बढ़ाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा आप सभी के योगदान से टाटा मोटर्स एक अग्रणी कंपनी बनी,साथ ही दुनिया में बेहतर वाहन बनाने वाली कंपनी में से एक है। आप सब का आने वाला जीवन सुखमय हो, स्वस्थ रहें। सामाजिक कार्यों में तत्परता बढ़ाएं ऐसी ही कामना करते है। महामंत्री ने सभी सेवानिवृत्त के परिवार की स्वास्थ्य कामना की। साथ ही परिवार में ज्यादा से ज्यादा समय देने की बात कही। ताकि उनका जीवन खुशी खुशी व्यतीत हो सके। सिंह ने कहा यूनियन की आवश्यकता होगी तो यूनियन आपके लिए सदैव खड़ा है। मौके पर सभी आफिस बेयरर, कमेटी मेम्बर,आरके सिंह फैंस क्लब के लोग शामिल रहे।

# पासवा ने रचा इतिहास, तीन हजार से अधिक प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**10वीं और 12वीं दोनों के टॉपरों को नगद राशि और मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्राईवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा आज दिनांक 07 अगस्त 2023 सोमवार को बिरसा मुंडा टाउन हॉल सिदगोड़ा में जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में एक साथ 3 हजार से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित कर इतिहास रचने का काम किया। सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 10 वीं और 12वीं की परीक्षाओं के टॉपर और 70% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को राज्य के वित्त मंत्री व पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी सुश्री फलक फातिमा, पासवा उपाध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव नीरज कुमार, प्रदेश महासचिव सुभाष उपाध्याय, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष रमन कुमार झा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल, सुश्री मेघाली सेनगुप्ता, लोहरदगा जिला अध्यक्ष माजिद आलम, संजय प्रसाद, राशीद अंसारी, अमीन अंसारी और अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। झारखंड में यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी संख्या में किसी एक जिले में एक साथ 3 हजार से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं और 12वीं परीक्षा में टॉप करने वाले 10वीं और 12वीं दोनों के टॉपरों को नगद राशि और मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि 70% तथा उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले भर से 100 से अधिक प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर भी मौजूद थे जिन्हें मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सुबह से ही छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक बिरसा मुंडा टाउन हॉल सिदगोड़ा में पहुंचे थे। उनकी सहायता के लिए पासवा ने 10 हेल्पलाइन डेस्क बनाए गए थे जहां छात्र-छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे थे। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि पासवा की ओर से इस तरह का आयोजन कर जिले के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष रुप से वैसे प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित करना है। जो टॉप तो नहीं कर सके किन्तु उनमें भी प्रतिभा छिपी हुई है और उनकी सफलता को किसी मायने में कम नहीं आंका जाना चाहिए और वह बच्चे भविष्य में आगे चलकर नए कीर्तिमान गढ़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा पढ़ाई सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं वरन उसके साथ साथ बच्चे सामान्य ज्ञान पर भी ध्यान दें और प्रतियोगी परीक्षा में सफल हों। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था कि कुछ गिने-चुने राज्य ही सिविल सर्विसेज में सफलता का परचम लहरा रहे थे किंतु आज झारखंड भी किसी से पीछे नहीं है। यहां की बच्चों से इस विषय में भी सफलता की उम्मीद की जा सकती है। विद्यालयों के प्राचार्य से उन्होंने खेलकूद के साथ-साथ मॉर्निंग असेंबली में न्यूज के वाचन पर भी बल दिया। माननीय वित्त मंत्री ने समाज में शिक्षकों को समाज का बढ़ई या कारपेंटर की संज्ञा दी, उन्होंने बताया कि जिस तरह टेढ़े मेढ़े लकड़ी को तराश कर कारपेंटर उन्हें उपयोगी सामान का स्वरूप देता है उसी तरह शिक्षक भी बच्चों को गढ़ने का काम करते हैं। और यह काम निजी विद्यालयों के शिक्षक बहुत ही बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने में ज्यादा रुचि रखते हैं, सरकार के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों स्कूलों के बच्चों को समान रूप से देखना चाहिए। **समारोह में विभिन्न निजी विद्यालयों के लगभग 100 से अधिक प्रिंसिपल, डायरेक्टर और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।** कार्यक्रम में पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव नीरज कुमार, ज्ञानेश्वर दयाल, मेघाली सेनगुप्ता, मनीष पाठक, मानिक कुमार, अनिकेत कुमार, दीपाली कुमारी, दीपशिखा कुमारी, रुपाली कुमारी तथा प्रत्येक जिले से पासवा के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं जमशेदपुर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवम संचालकगण उपस्थित थे।




### सरकार से आठ सूत्री मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का किया आग्रह, अन्यथा होगा आंदोलन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम सहायक पुलिस एसोसिएशन का जुबिली पार्क के निकट प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने तीन वर्षों से की गई मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा प्रत्येक वर्ष सरकार के द्वारा आश्वासन मिलता लेकिन मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हुई। मौके पर प्रदेश सदस्य सहदेव भगत ने बताया बीते वर्ष आंदोलन किया था। उस दौरान सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर विधायक बंधु तिर्की ने आश्वासन दिया था एक सप्ताह में मांगों पर सरकार कार्रवाई करेगी। उस दौरान सरकार के आग्रह पर एक साल तक आंदोलन पर रोक लगाई गई। राज्य के मुख्यमंत्री ने भी आठ सूत्री मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए निर्णय लेने का आश्वासन दिए थे। लेकिन एक वर्ष बीत गई कोई कार्रवाई नही हुई। समय भी 9 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा यदि एक सप्ताह में सरकार मांगों पर विचार नहीं करती तो संवैधानिक तौर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा विभिन्न जिला में हजारों की संख्या में कार्यरत सहायक पूलिस के जवान बेरोजगार हो जायेगें। परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल होगा। वही भगत ने कहा इस संबंध में जल्द एसोसिएशन की बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई जायेगी। बैठक में एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### पुलिस को मिली सफलता, हत्या को अंजाम देने के पहले अपराधी को किया गिरफ्तार




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के लौहनगरी जमशेदपुर में अपराधियों के खिलाफ नकेल कशने के लिए जिला पुलिस काम कर रही है। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश परसुडीह पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार देर रात छापेमारी करते हुए बागबेड़ा लाल बिल्डिंग निवासी अनूप चक्रवर्ती उर्फ अनूप बंगाली व उसके साथी भीम गगराई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से दो लोडेड देसी पिस्टल, दो मैगजीन, चार गोली व एक बिना नंबर की बाइक बरामद कर लिया। एसएसपी ने बताया परसुडीह पुलिस को गुप्त सूचना मिली जेल से छूटा अनूप अपने प्रतिद्वंद्वी डोमिनी की हत्या करने के लिए पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने हलुदबनी के पास बाइक से जा रहे अनूप को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अनूप और उसके साथी के कमर से देसी पिस्टल बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया अनूप बंगाली पर पूर्वी सिंहभूम समेत सरायकेला खरसावां जिले में हत्या, लूट, छिनतई व मारपीट का 16 मामले दर्ज है। वह हाल ही में जेल से बाहर आया था। अपने प्रतिद्वंद्वी की हत्या करने के पूर्व ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने की खुशी में कांग्रेसियों ने जश्न मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने की खुशी में सोमवार को गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में शाम 5 बजे गढ़वा कांग्रेस कार्यालय में जश्न मनाया गया एवं एक-दूसरे को मिठाई खिला कर बधाइयां दी गईं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि हमारे नेता की सदस्यता बहाल हुई है। आज पूरा कांग्रेस परिवार के लिए खुशी का दिन है। प्रदेश सचिव बड़ू दुबे ने कहा कि हमारे नेता को एक षड्यंत्र के तहत सदन में बोलने से रोका गया लेकिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय से नयाय मिला। अब राहुल गांधी की आवाज सांसद में गूंजेगी। वरिष्ठ कांग्रेसी रामबृक्ष यादव ने कहा कि यह लोकतंत्र की और संविधान की जीत है। वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी का संघर्ष गरीबों, किसानों और मजलूमों के लिए है। यही कारण है कि पूरा देश के लोगों की दुआ राहुल गांधी के साथ है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी उमेश त्रिपाठी, ज़िला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, जिला सचिव दिवाकर चौबे, आसिफ खान, युवराज ठाकुर, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, मेराल अध्यक्ष मोती राम, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, गुड्डु दुबे, सुनील कालिया, वसीम अकरम, विकाश राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वच्छ भारत अभियान के तहत भाजपा नेताओं को अंगवस्त्र और पौधा देकर किया गया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत अभियान झारखंड प्रदेश के सहसंयोजक, पलामू प्रमंडल के प्रभारी रविंद्र नाथ उपाध्याय, पलामू जिला संयोजक शंभू शरण सिंह एवं गढ़वा जिला संयोजक मदन मोहन गुप्ता उर्फ टिंकू गुप्ता, सहसंयोजक जितेंद्र दीक्षित एवं दीपक चौहान के द्वारा सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडे एवं जिला महामंत्री संतोष दुबे को अंग वस्त्र एवं फलदार वृक्ष का पौधा देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक रविंद्र नाथ उपाध्याय ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान में जो भी भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्य किया गया है उसी निमित आज यह सम्मान दिया गया है। साथ ही वृक्ष लगाने का और सभी मठ मंदिर स्कूल के सफाई अभियान का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में स्वच्छ भारत अभियान के द्वारा यह कार्यक्रम चल रहा है। जिला संयोजक मदन मोहन गुप्ता उर्फ टिंकू गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के तहत पूरे जिला में पौधरोपण एवं मठ मंदिर स्कूल का सफाई अभियान निरंतर जारी रहेगा। उक्त अवसर पर राजनाथ सिंह संजय उपाध्याय जी उपस्थित थे।

### अभाविप ने की सदस्यता अभियान की शुरुआत




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अभाविप के जिला संयोजक विकास चन्द्रवंशी ने कहा है कि विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान 7 अगस्त से 9 सितंबर तक चलेगा। जहां पूरे जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से गढ़वा जिला में 9000 नए छात्रों को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जोड़ा जाएगा। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे एक माह तक चलने वाले सदस्यता अभियान 4 चरणों में संपन्न होगा प्रथम चरण 7 - 14 अगस्त बीच में 12वीं तक के विद्यार्थियों को सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। 16 से 19 शिक्षक एवं 21-28 महाविद्यालय स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। वहीं 6 सितंबर से 9 सितंबर के बीच बी एड इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान के विद्यार्थियों को सदस्यता दिलाई जाएगी। सदस्यता अभियान के निमित्त विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड इकाई प्रभारी बनाया गया। जिसमें गढ़वा नगर ईकाई सुगंध बघेल, गढ़वा ग्रामीण हरीओम तिवारी एवं निरजन चौबे, मेराल शुकुल कुमार, रमना अंकित गुप्ता, डडई अगस्त रजक एवं इन्द्रजीत, बंशीधर नगर शेखर गुप्ता, भवनाथपुर हिमांशु कुमार, रंका शशांक चौबे, डंडा शुभम तिवारी, रमकंडा लकी कुमार, चिनिया कुमार सुभेन्द्र, खरौंधी विकास कुमार, बिशनपुरा अकाश कुमार, बरडीहा प्रिंस कुमार सिंह, कांडी लक्की कुमार, मझिआव मंजुल शुक्ला, भंडरिया श्रीकांत सोनी, धुरकी पंकज चौबे, बड़गड़ राजा यादव को इकाई प्रभारी बनाया गया है। मौके पर जिला सदस्यता प्रभारी हरिओम तिवारी ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष के उपरांत गढ़वा में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं वैसे विद्यार्थियों को कॉलेज कि शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति की पाठ सिखाई जाएगी। इस मौके पर गढ़वा नगर सह मंत्री सुगंध बघेल उपस्थित थे।

**बैठक :** उपायुक्त ने की अवैध खनन पर अंकुश लगाने को लेकर टास्क फोर्स के कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

# अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की त्वरित जांच कर करें कार्रवाई

**एसडीओ और एसडीपीओ आपस में कोआर्डिनेशन बनाकर किसी भी सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से करें कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु आज समाहरणालय के उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा समेत कई वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया, साथ हीं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा एवं प्राथमिकता के आधार पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से जुड़े मामले में संलिप्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने समेत अन्य आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। जिससे जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित मामलों पर पूर्णता विराम लगाया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने कहा कि समय-समय पर अवैध खनन से जुड़े मामलों में कार्रवाई को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया जाता रहा है एवं सभी ने सक्रिय भूमिका भी निभाई है। इसी प्रकार हमें और भी सक्रिय होकर निरंतरता के साथ अवैध खनन से जुड़े मामलों पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर पूरी तैयारी के साथ अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी आपस में समन्वय स्थापित कर किसी भी सूचना पर अविलंब छापेमारी कर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने समेत अन्य कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आपस में कोआर्डिनेशन बनाए रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा।

बैठक में एसपी अंजनी कुमार झा, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी दिलीप यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम, एसडीपीओ गढ़वा अवध कुमार यादव, डीएसपी मुख्यालय संतोष कुमार, जिला खनन पदाधिकारी नन्ददेव बैठा, डीटीओ धीरज कुमार, सीओ गढ़वा कुमार मयंक भूषण समेत ऑनलाइन माध्यम से सभी एसडीपीओ, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सावन की पांचवीं सोमवारी पर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**समाज में बदलाव के लिए शिक्षा और सामंजस्य बहुत जरूरी : डॉ कुलदेव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** डंडा प्रखंड के छपरदागा गांव के शिव मन्दिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने सबसे पहले लोगों को सोमवारी और रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि पूजा-पाठ हमारे भारतीय संस्कृति का हिस्सा है और मानसिक रूप से हमें स्वच्छ रखता है। डॉ चौधरी ने यह भी कहा कि समाज में बदलाव के लिए आस्था के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। साथ ही आपसी प्रेमभाव और सामंजस्य बनाने की जरूरत है। जब एक व्यक्ति शिक्षित हो जाता है तो अपने परिवार व समाज को बदलने के लायक हो जाता है। लड़कियों को पढ़ाई करना प्राथमिकता में होना चाहिए। इसके बाद ही शादी विवाह के बारे में सोचना चाहिए। समाज से हम सभी को मिलकर बाल विवाह और दहेज प्रथा को मिटाने की जरूरत है ताकि बेटी समाज के लिए बोझ न बने। साथ ही शराब, तम्बाकू जैसी चीजों से सबसे ज्यादा स्वास्थ्य खराब हो रहा है जिससे बचने की जरूरत है। वहीं महर्षि वेदव्यास परिषद के गढ़वा जिला अध्यक्ष सह पूर्व रमना उप प्रमुख रविंद्र कुमार चौधरी ने संस्कार के बारे में लोगों को समझाया कि संस्कार किसी पाठ्य पुस्तक में नहीं बल्कि अपने परिवार और समाज से मिलती है। आज ऐसी परिस्थिति है कि बच्चे अपने अभिभावक से कोई सलाह नहीं लेना चाहते हैं और अपने मन से कुछ गलत कर जाते हैं जिसका परिणाम अच्छा नहीं होता। इसलिए किसी भी कार्य को करने से पहले अभिभावक एवं गुरुजनों से सलाह लेने की जरूरत है। मौके पर छपरदागा मुखिया प्रतिनिधि यदु चौधरी, विकासशील इंसान पार्टी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, वीआईपी जिला सचिव सुनील कुमार चौधरी, डंडा के पूर्व उप प्रमुख विनेश्ववर चौधरी कृष्णा चौधरी, ज्ञानी चौधरी, मंदिर संरक्षक चन्देश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा, बिपीन चौधरी, राजदेव चौधरी, विजय चौधरी, बिंदु शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, दीनानाथ चौधरी आदि सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।

## वनवासी कल्याण केंद्र रंका इकाई ने निकाली जलाभिषेक यात्रा

**रंका मुख्य बाजार स्थित शिवालय में भगवान शिव पर किया गया जलार्पण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** वनवासी कल्याण केन्द्र रंका इकाई के द्वारा द्वितीय श्रावण मास के प्रथम सोमवारी को विशाल जलाभिषेक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए हुए भोलेनाथ के भक्त हजारों की संख्या में भाग लिये। जलाभिषेक यात्रा रंका ठाकुर बाड़ी मंदिर से निकल कर मुख्य पथ बाजार से थाना मोड़ होते बर मुहल्ला, चौधरी मुहल्ला, गढ़ देवी मोहल्ला भगवती मंदिर सुभाष चंद्र बोस मोहल्ला में भ्रमण करते हुए रंग का बड़ा अंधेरी बगीचा के बलवानंद कुआं से पात्र में जल भरकर श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर होते हुए रंका मुख्य बाजार बस स्टैंड स्थित शिवालय में बाबा भोलेशंकर पर जलार्पण किया गया।

इस अवसर पर आचार्य भोलानाथ पांडेय शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से संकल्प कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी श्याम सुंदर प्रसाद, विहिप के अध्यक्ष सुल्पानी सिंह वनवासी कल्याण केन्द्र रंका के प्रखंड अध्यक्ष डॉ दीनानाथ प्रसाद चौधरी, संरक्षक रामावतार साव, पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता, संरक्षक सुनील माली, अनुमंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास, श्री राम नवमी पूजा समिति के उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, गायक पवन पाण्डेय, रानू राज, कमल सिंह, सौरभ सिंह, मोहित चौधरी, कन्हाई सिंह, किशोर सोनी, प्रेम चंद प्रसाद, संजय सिन्हा, उपेंद्र चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, शुभम झा, विक्की कुमार, आलोक कुमार, विवेक सोनी, सचिन मोदनवाल , गणेश कुमार, अनिल मद्धेशिया, अनिमेष सोनी, शिवम सोनी, पुकुल कुमार, जीतू चौरसिया, जीतू कुमार, विश्वनाथ साव सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त शामिल थे।

## सदर अस्पताल में उपायुक्त ने किया 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

**गढ़वा।** 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत सोमवार को हो गई है। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा पहुंच 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। मौके पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह द्वारा उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया गया कि मिशन इंद्रधनुष के बेहतर संचालन हेतु कुल 852 सेशन साइट बनाए गए हैं। जिनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। 'मिशन इंद्रधनुष' अभियान तीन चरणों में चलेगा। प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर व तीसरा चरण 9-14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान ऐसी गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा, जो किसी कारणवश टीका नहीं लगवा पाए थे।

मौके पर उपायुक्त ने संबोधित करते हुए 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' के सफल संचालन एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर मुहिम के तहत कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त एवं सिविल सर्जन द्वारा उपस्थित बच्चों को पोलियो ड्रॉप भी पिलाया गया। समारोह में सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ संध्या टोपनो, डॉ अमित, डॉ पीयूष प्रमोद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, जिला कार्यक्रम समन्वयक जेवियर एक्का, जिला डाटा प्रबंधक सजित मुंडा, जिला कार्यक्रम समन्वयक यूनिसेफ कुमार शुभम, एकजुट रीजनल कोऑर्डिनेटर अजीत सिंह, रंजना भारती सच्चिदानंद पांडे विमलेश समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ने किया सावन महोत्सव का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा स्थानीय ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में सावन के अवसर पर जायन्ट्स सहेली के सदस्यों ने सावन महोत्सव का आयोजन किया। सावन महोत्सव की अध्यक्षता जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा सहेली की अध्यक्ष रितु जायसवाल ने की। कार्यक्रम में सहेली सदस्यों ने कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता, नृत्य, गीत संगीत का आयोजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद गढ़वा के निवर्तमान अध्यक्ष पिंकी केसरी, पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी सीमा केसरी, जायन्ट्स सहेली के फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, रीता केशरी, माला केसरी, लता गुप्ता सुषमा केसरी मुख्य रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम में सहेली की महिलाओं ने खूब आनंद उठाया और लोगों के बीच संदेश दिया कि हंसी खुशी के माहौल में रहने से मानसिक तनाव और कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल, वित्त निदेशक वीणा केसरी, सहित जायन्ट्स सहेली की रीमा स्वरूप, पल्लवी पुंज, प्रियंका केशरी, संगीता गुप्ता, करुणा केशरी, वंदना सोनी, अंजू गुप्ता विमला केसरी, वर्षा अग्रवाल, किरण कमलापुरी, रिंकी केशरी, नीतू सोनी, ज्योति अग्रवाल, सारिका केशरी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने किया पौधरोपण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में पर्यावरण की शुद्धता के लिए तथा अच्छी बरसात के लिये पौधरोपण किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केशरी (रूपा गंजी), फेडरेशन 8 के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि जायन्ट्स ग्रुप का लक्ष्य आमलोगों के बीच जागरूकता लाना एवं धरती को हरा-भरा करना है जिससे धरती को प्रदूषण से बचाया जा सके। पेड़ो के बिना धरती का संतुलन संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी लोग अपने जन्मदिन आदि अवसर पर एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं एवं उसको बचायें तभी धरती हरी भरी हो सकती है। सचिव चंद्रभूषण सिन्हा ने बताया कि जायन्ट्स परिवार लगातार पांचवें सप्ताह सैकड़ों पेड़ लगाकर अपने लक्ष्य को आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में फलदार और छायादार पौधे को लगाया गया। इस अवसर पर अशोक विश्वकर्मा, मनोज केधारी सन रेडियो, सुनील अग्रवाल, ध्रुव केशरी, अवधेश कुशवाहा, धनंजय गौड़, मनोज पांडेय, मुरारी पांडेय आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी और नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन

# बच्चों में दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान का भाव जगाना उद्देश्य : प्रधानाचार्य

**बच्चों ने गीत-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी/नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, समिति अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, समिति सदस्य शशिकला एवं दादा प्रतिनिधि विजय कुमार व दिलेश्वर सिंह तथा प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ॐ, मां शारदे के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर किया।

प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्य का वर्णन करते हुये कहा कि दादा-दादी/नाना-नानी अपने अटूट प्रेम से बच्चों का मन मोह लेते हैं और उनके विकास में सार्थक भागीदार बनते हैं। इस निमित्त बच्चों में दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान का भाव जगे, इसलिये प्रांत अपनी योजना में इस तरह का सम्मान समारोह हर वर्ष आयोजित करता है। स्वागत गान स्वागतम स्वागतम.. कक्षा अष्टम की बहन सूची, पीहू, यशफी, नौरीन, आराधना, चाहत, प्राची, वैष्णवी, गुंजा, पीहू राज द्वारा प्रस्तुत किया गया। भाव नृत्य प्यारे दादाजी.... में बहन अनिका, सना, काजल, वैदेही, श्रेष्ठा और शालू। चांद से प्यारी दादी मां... में बहन परी, सानवी, निदा, पल्लवी, रूशदा सोनाक्षी व इरम, दादा जी की छड़ी....भाव नृत्य में बहन प्रांजल, तेजस्वी, परिधि, नंदनी, निधि, जागृति, सनाया, प्रिया शांभवी, श्रेया व दुर्गा मनमोहक प्रस्तुति दी। दादा के रोल में भैया उत्तम कुमार कक्षा 10 व भैया हर्षित कुमार यूकेजी और दादी के रोल में बहन चंचला कक्षा दशम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दादा लखन प्रसाद कुशवाहा व देवीदयाल कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समिति सदस्य शशिकला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि बच्चे माता-पिता से डांट पर सुनकर अपने दादी के आंचल में छुप जाते हैं और दादी अपने स्नेहिल हाथों से उन्हें सहला कर लाड़ प्यार करती है। परिवार के बुजुर्ग होने के नाते सबका मार्गदर्शन करती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी दादा दादी नाना-नानी को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किये गये। मंच संचालन आचार्या प्रियंवदा व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशलेंद्र झा, कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति पिंटू कुमार सिंह, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, दीपक कुमार, सुजीत कुमार दुबे, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, प्रसून कुमार आचार्य आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, रेनू पाठक, नीति कुमारी, तन्वी जोशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**-निविदा सूचना-**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में निःशक्त कल्याणार्थ योजनान्तर्गत अन्य क्षेत्रीय उपयोजना तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से हजारीबाग जिला के दिव्यांजनों को विशेष यंत्र/उपकरण मुहैया कराने हेतु यंत्र/उपकरण की क्रयापूर्ति के निमित अधिकृत आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं से निविदा प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में निविदा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक–25.08.2023 को 12:00 बजे अपराह्न तक जमा करेंगे तथा उक्त तिथि को 04:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्त्तें तथा क्रयापूर्ति की जाने वाली विशेष यंत्र/उपकरण की सूची हजारीबाग एन.आई.सी. के Website- www.hazaribag.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, हजारीबाग में देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,हजारीबाग

PR304159 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

# ईचागढ़ से अपहृत बच्चा 12वें दिन सकुशल बरामद, पुलिस ने अपहरणकर्ता को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के मिलन चौक से एक नाबालिग के अपहरण के 12वें दिन पुलिस ने उसे अपहरणकर्ता की चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया है। स्थानीय लोगों और तकनीकी सहयोग से अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने उसे रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर के मलारकोचा मौसरबाड़ी के निकट से बरामद किया। इसके साथ पुलिस ने बच्चे के अपहरण करने के आरोप में मौसीबाड़ी मलारकोचा निवासी मनपुरन मलार को भी गिरफ्तार किया है। इसके साथ पुलिस ने उस टेंपो को भी जब्त किया है जिससे बच्चे का अपहरण करने के लिए उपयोग किया गया था। इसकी जानकारी चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने दी। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एसडीपीओ ने बताया कि ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक में जड़ी-बूटी बेचने वाले मनेजर राठौर ने ईचागढ़ थाना में लिखित सूचना दी थी कि उनके नौ वर्षीय पुत्र नागेंद्र राठौर को अज्ञात अपराधियों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। उक्त सूचना पर ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इसकी जानकारी मिलने पर सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक ने नाबालिग के अपहरण कांड को बेहद गंभीरता से लिया और उसके शीघ्र बरामदगी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अगुवाई में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया। साथ ही ईचागढ़ के थाना प्रभारी को विशेष रूप से संवेदनशील होकर अनुसंधान करते हुए छापामारी करने का आदेश दिया।

अनुसंधान के क्रम में मानवीय सूत्र व तकनीकी सहयोग से ईचागढ़ थाना प्रभारी और अनुसंधानकर्ता पुअनि शैलेंद्र टुडू ने रविवार को रांची से 37 वर्षीय मनपुरन मलार को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर उसके घर से अपहृत बालक को सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त मनपुरण मलार ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 25 जुलाई की दोपहर में मिलन चौक से उक्त बालक को अपने टेंपो में बैठाकर अगवा कर लिया था। पुलिस ने उक्त टेंपो जेएच 01 सीपी 5293 को भी बरामद कर जब्त किया है। नाबालिग बालक का दिनदहाड़े अपहरण होने से क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म था।

### मुरहू क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई, देसी कट्टा, कारतूस, 10 हजार नकद, तीन बाइक व फोन आदि भी बरामद

# पीएलएफआइ के पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**लेबी वसूली के लिए पहुंचे थे, कई अन्य उग्रवादी फरार होने में सफल, सर्च अभियान जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया( पीएलएफआई) के पांच उग्रवादियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान रूगड़ू गांव के बोयार सिंह पूर्ति (31) सामू मुंडा (22) जिकीलता गांव के गोपाल बोंडोदियार, कानू हेम्ब्रोम (20) और मिखाईल हापदगाड़ा (दोनों बंदगांव थाना क्षेत्र के किलो ग्राम निवासी) के रूप में की गयी है। उनके पास से 5.5 बोर के पांच कारतूस., .315 एमएम के चार कारतूस, एक देसी कट्टा, पीएफआई का चंदा रसीद, संगठनका पर्चा, नकद 10 हजार रुपये, तीन बाइक और छह मोबाइल फोन भी बरामद किया गया हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन कुमार ने दी। वे सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ रांड़ूग बोदरा उर्फ लंबू अपने दस्ते के सदस्यों के साथ मुरहू थाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के ठेकेदारों और साप्ताहिक हाट-बाजार जाने वाले व्यापारियों से लेवी की रकम लेने आया है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) रमेश कुमार के निर्देशन और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।



गिरफ्तार पीएलएफआइ उग्रवादियों की जानकारी देते एसपी अमन कुमार व अन्य।

## उग्रवादियों को खदेड़ कर दबोचा

छापाममारी दल ने रविवार को जाते जंगल में सर्च अभियान के दौरान पांच संदिग्ध व्यक्तियों को खदेड़ कर पकड़ा। जबकि कुछ अन्य उग्रवादी भागने में सफल रहे। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार गोपाल बोंडोदियार के खिलाफ पिछले वर्ष मुरहू थाने में 17 सीएलएफ और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जबकि बोयार सिंह पूर्ति के खिलाफ अड़की थाने में तीन मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में एएसपी अभियान रमेश कुमार, एसडीपीओ खूंटी अमित कुमार, राजेंद्र सिंह सहायक समादेष्टा सीआरपीएफ 94वीं बटालियन, मुरहू थाना प्रभारी चुड़ामणि टुडू, सायको के थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो मुरहू थाने के एसआई दिगंबर पांडेय, एसआई विष्णु कुमार, एसआई सुशांत सुंडी, हवलदार लखी कुजुर, सीआरपीएफ, जिला पुलिस, तकनीकी शाखा, सैट, जैप के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दो वाहनों की टक्कर में एक की मौत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा पथ पर दिवडी मंदिर के निकट सोमवार अहले सुबह एक टेलर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे एक टेलर खड़ी थी। तभी एक पिक अप वैन बहरागोडा से सब्जी लेकर रांची जा रही थी। जबकि एक कंटेनर मुरादाबाद फतेपुर से विपरित दिशा से आ रही थी। इसी बीच दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में कंटेनर में बैठे मो शहजाद की मौत हो गयी। जबकि नारायन मेहता व तपन बेहरा घायल हो गये। दोनों का तमाड़ अस्पताल में इलाज के बाद रिम्स अस्पताल भेजा गया है।

# तोरपा में पुलिस के लिए सिरदर्द बने चोर

**खूंटी (आजडाद सिपाही)। तोरपा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। मजेदार बात है कि चोर सिर्फ स्कूलों को ही अपना निशाना बना रहे और कीमती सामानों पर हाथ साफ कर चंपत हो जा रहे हैं। तोरपा के संत जोसेफ हाई स्कूल में रविवार की देर रात चोरों ने राउटर और वाईफाई पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार की रात को ही चोरों ने तोरपा थाना क्षेत्र के उकड़ीमाड़ी गांव स्थित आरसी विषलय से 25 हजार रुपये की चोरी कर ली।**

# पांचवीं सोमवारी पर खलारी के शिवालयों में उमड़े भक्त, भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रावण माह की पांचवीं सोमवारी पर शिवभक्तों की भीड़ काफी संख्या में देखी गयी। खलारी क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर, श्री जानकी रमण मंदिर, खलारी बाजारटांड़ स्थित शिवालय, न्यू शांति नगर शिवालय, करकट्टा शिवालय, धमधमियां नौ नंबर शिवालय, डकरा, मोहननगर, सुभाषनगर, बी-टाईप सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही शिवभक्तों ने हर-हर महादेव व बोल बम के नारों के साथ भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया। साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर स्थित शिवालय, जानकी रमण मंदिर शिवालय सहित खलारी के विभिन्न शिवालय में रुद्रा-अभिषेक एवं भगवान शिव का विशेष श्रृंगार पूजन भी हुआ। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं शाम में आरती के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पूर्व मंदिर परिसर तथा भोलेनाथ को फुल मालाओं से सजाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में भक्ति गीत बजने से वातावरण भक्तिमय हो गया था।

# बीसीकेयू सीसीएल रिजनल कमेटी की बैठक में एनके एरिया से यूनियन के पदाधिकारी हुए शामिल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) की सीसीएल रीजनल कमेटी की बैठक सोमवार को गिद्दी-सी वाशरी कॉलोनी स्थित यूनियन ऑफिस में हुई। जिसमें एनके एरिया से भी यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता केशव सिंह यादव ने की। बैठक में बीसीकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने रिपोर्ट पेश किया। साथ ही उन्होंने 10 अगस्त को रांची में आयोजित महापड़ाव कार्यक्रम को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा यूनियन सदस्यों की भागेदारी सुनिश्चित करने बात कही। बताया गया की बीसीकेयू की सीसीएल रिजनल कमेटी का दो दिवसीय सम्मेलन 29-30 सितंबर को एनके एरिया में आयोजित होगा। जिसे सफल बनाने, सदस्यता बढ़ाने और यूनियन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में धनेसर तुरी, गौतम बनर्जी, अर्जुन सिंह, जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान, जंगबहादुर राम, श्याम सिंह, दशरथ करमाली, बसंत कुमार, उत्तम कुमार, दिनेश्वर गंझू, जीवन सिंह, सहदेव उरांव, षम्भु कुमार, सियाराम शाह, मो एनाम आदि उपस्थित थे।

# इंटर और मैट्रिक में उतीर्ण सभी श्रेणी के बच्चों को किया जायेगा सम्मानित

**सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)।** गूंज परिवार की ओर से 7, 9, 11 और 13 अगस्त को मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह में सिल्ली के विधायक सुदेश महतो पूरे सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के इंटर और मैट्रिक परीक्षा में उतीर्ण सभी श्रेणी के बच्चों को सम्मानित करेंगे। इसके तहत सोमवार को जोन्हा, 9 अगस्त को राहे, 11 अगस्त को सोनाहातू और 13 अगस्त को सिल्ली में समारोह आयोजित किया गया है। इस दौरान सभी ग्राम प्रभारी, पंचायत प्रभारी, प्रखंड कमेटी, जेएसएस सदस्य और महिला कमेटी मौजूद रहेंगे।

# राहे में प्रखंड स्तरीय सिदो-कन्हू युवा खेल क्लब का गठन

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बीडीओ हारून रशीद की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय सिद्धो-कन्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। सर्वसम्मति से क्लब का अध्यक्ष मनमोहन मुंडा, उपाध्यक्ष बिरसा टूटी,तथा सचिव परीक्षित हजाम उर्फ राजू को चयनित किया गया। चयन प्रक्रिया के बाद बीडीओ ने तीनों को प्रमाण पत्र दिये।

# अनुशासन के साथ सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करें खिलाड़ी: राधेश्याम सिंह



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ 94वीं बटालियन के सौजन्य से 209 कोबरा कैंप परिसर में आयोजित तीन दिवसीय अंतर बटालियन-ग्रुप केंद्र क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को 94वीं बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम ने किया। बुधवार तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में झारखंड सेक्टर अंतर्गत तैनात 20 बटालियन-ग्रुप केंद्र भाग ले रहे हैं। कमांडेंट राधेश्याम सिंह ने खिलाड़ियों से उच्च अनुशासन बनाकर खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर हौसला बढ़ाया। बताया गया कि बुधवार को प्रतियोगिता के समापन समारोह में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों और विजेता व उप विजेता टीमों को उनके खेल के अनुसार पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्र, द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल, उप कमांडेंट संतोष कुमार के साथ ही 94 बटालियन और 209 कोबरा बटालियन के अन्य अधिकारी-प्रतिभागी उपस्थित थे।

# 39वां चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन, पहले मैच में जीती मांडर की टीम



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच के रैम्बो क्लब के तत्वाधान में 39वां चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह के अलावा रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, सीएमयू एरिया सचिव विनय सिंह मानकी, जनता मजदूर संघ एरिया अध्यक्ष गोल्डेन प्रसाद यादव, आरकेएमयू एरिया सचिव सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन अनिल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल की भावना से खेलने का अपील की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मांडर स्पोर्टिंग क्लब एवं रैम्बो क्लब की टीम के बीच खेला गया। जिसमें मांडर टीम जीती।

# बचरा साइडिंग में हुई यूसीडब्ल्यू की बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की समस्या को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन सीएचपी/सीपीपी परियोजना की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के सीएचपी/सीपीपी शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला और संचालन सचिव क्यूम अंसारी ने किया। बैठक में अंसगठित मजदूरों की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान उपस्थित मजदूरों ने अपनी विभिन्न समस्या को बैठक में प्रमुखता के साथ उठाया। साथ ही मजदूरों को कम मजदूरी मिलने पर आक्रोश प्रकट किया गया। बैठक में मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी, अवकाश, स्वास्थ्य सुविधा, सीएमपीएफ, पेंशन सहित अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी 10 अगस्त को रांची स्थित राजभवन के समक्ष संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर होने वाले राष्ट्रव्यापी महापड़ाव में भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों का शोषण किया जा रहा है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर एटक का संघर्ष लगातार जारी है। यदि प्रबंधन असंगठित मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं करता है तो यूनियन के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सभी मजदूरों को एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने की अपील की। बैठक में मोहम्मद अब्दुल्ला, क्यूम अंसारी, मोहम्मद रहमतुल्ला, बंटी मोदी, चमन महतो, बिजली महतो, अर्जुन प्रसाद, बाल गोविंद महतो, शंकर महतो, दिलीप कुमार चौधरी, भोला महतो, मुंशीनाथ महतो, दिलीप महतो, चंद्रदेव ठाकुर, कृष्णा महतो, रविंद्र महतो, सुखदेव महतो सहित काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित यूनियन के अधिकारी-पदाधिकारी व अन्य।

# टीए-डीए नियम के आलोक में ही दावों का भुगतान सुनश्चित हो : सुनील सिंह



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राकोमयू एनके एरिया सचिव सुनील कुमार सिंह ने एनके महाप्रबंधक को पत्र लिखकर टीए-डीए नियम के आलोक में ही दावों का भुगतान सुनश्चित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि विगत कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि वैसे कर्मचारी जिनको विभागीय कार्य से रांची भेजा जाता है और पब्लिक ट्रांसपोर्ट से यात्रा कर कंपनी के सुपुर्द कार्य को करते है, उनका दैनिक भत्ता को यह मान कर की पूरे कार्य अनुमान के आधार पर 12 घंटे के अंदर संपादित कर लिया जाएगा तर्क. संगत प्रतित नहीं होता है। ज्ञात हो की बस से रांची जाने में करीब दो घंटे का वक्त लगता है। जहां से उतरकर गंतव्य स्थानों को जाने के क्रम काफी भीड़ भाड़ वाले ट्रैफिक से होकर पहुंचना होता है। इन दिनों फ्लाई ओवर निर्माण कार्य चलने के कारण घंटों जाम में फंसे रहते है। साथ ही संबधित कार्य को करवाने में काफी इंतजार के साथ कई प्रकार कि समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। कहा गया कि दैनिक भत्ता को आधा भुगतान यह मान कर निर्णय लेना कि पूरे कार्य को 12 घंटों के अंदर पूरी कर लिया जाएगा न्यायसंगत प्रतित नहीं होता है। वहीं ऐसे कार्य में शामिल किए जा रहे कर्मचारीयों में निराशा का भाव देखा जा रहा है। भविष्य में कंपनी के कार्यों पर प्रतिकुल प्रभाव भी पड़ सकता है। अतः आग्रह है कि रांची जाने के लिये जो दैनिक भता को श्रेत्रीय स्तर से आदेश निर्गत किया गया है, उसकी समीक्षा कर टीए-डीए नियम के आलोक में ही दावों का भुगतान सुनश्चित किया जाए।

### केंद्र की जन विरोधी नीतियों के प्रतिवाद में एनसीओइए (सीटू) ने डकरा में निकाला बाइक जुलूस

# 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का उत्तम समय: शैलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केंद्र सरकार की आर्थिक और औद्योगिक नीतियों के खिलाफ सोमवार को एनसीओईए (सीटू) यूनियन की केडीएच स्थित यूनियन कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम माकपा के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड सुभाष मुंडा की निर्मम हत्या पर नाराजगी जाहिर करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही झारखंड सरकार से हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग की गई। इसके बाद केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ यूनियन कार्यालय से ही एक बाइक जुलूस निकाला गया, जो केडीएच माइनर्स कॉलोनी से कचरी मोड़, डकरा बी-टाइप कॉलोनी होते हुए डकरा गुरुद्वारा चौक पहुंचा। जहां बाइक जुलूस सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए सीटू के झारखण्ड राज्य सचिव शैलेश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर, किसान एवं आम जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 30 जनवरी 2023 को दिल्ली में बीएमएस को छोड़कर सभी राष्ट्रीय श्रम संगठन एवं राज्य स्तरीय स्वतंत्र फेडरेशन, एसोसियशनो ने एक घोषणा पत्र जारी किया था। जिसमें देश के मजदूर वर्ग, किसान वर्ग और आम जनता के स्थिति को उजागर किया गया था। बताया गया था कि केंद्र में वर्तमान सरकार आने के बाद से एक-एक कर सार्वजनिक उपक्रमों को बेचा जा रहा है। रोजगार की स्थिति काफी गंभीर हो गई है। महंगाई के मार से जनता त्राहि त्राहि कर रही है। पूंजीपतियों के हित में कानून बनाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का एक अच्छा और सुनहरा मौका है। इस कार्यक्रम में जीके साहू, उदय कुमार सिंह, रामप्रवेश राम, केदार यादव, कल्लू गंझु, एचके दलाई, लालजीत गंझू, दिनेश गंझू, सुखारी गंझू, थेरे मांझी, शिवराम सेठी आदि उपस्थित थे।



केंद्र की नीतियों के विरोध में बाइक जुलूस निकालने यूनियन के सदस्य।

# बचरा बस्ती के पास गड्ढे में फंसा ट्रक, घंटों सड़क जाम



**पिपरवार (आजडाद सिपाही)।** बचरा बस्ती स्थित पतरातू-मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर एक कोल वाहन के गड्ढे में फंसने से उक्त मार्ग पर करीब 15 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सड़क जाम रहने के कारण उक्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार देखी गई। इस दौरान यात्रियों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक झारखंड सरकार के द्वारा पतरातू से मैक्लुस्कीगंज तक सड़क का निर्माण कराया गया है। इस बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती के समीप करीब एक किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य मुआवजा लंबित होने के कारण नहीं कराया गया है। उक्त एक किलोमीटर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बरसात के इस मौसम में उसमें पानी भर गया है, जबकि उक्त मार्ग पर कई कोल वाहनों का परिचालन होता है। रविवार की रात कोयला लेकर जा रही एक ट्रक गड्ढे में फंस गई, जिसे निकालने में ट्रक मालिक सहित अन्य लोगों के पसीने छूट गया। ट्रक मालिक और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग के बाद काफी मशक्कत से ट्रक को गड्ढे से बाहर निकाला गया, जिसके बाद करीब 15 घंटे के बाद उक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। ग्रामीणों ने जल्द बचे हुए सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।

**अभियान :** नगड़ी पुलिस ने अपराधियों और जमीन ब्रोकरों पर शिंकजा कसना आंरभ कर दिया है

# डीएसपी ने नगड़ी थाना क्षेत्र दलादिली की सुरक्षा का किया निरीक्षण

कहा- क्षेत्र के दर्जनों भू-माफियाओं और अपराधियों पर सीसीए लगा दिया है

जमीन कारोबारी अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा पुलिस उन्हें जेल भेजने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** सरकार के आदेश के बाद नगड़ी पुलिस अपराधियों और जमीन ब्रोकरों पर शिंकजा कसना आंरभ कर दिया है। पुलिस मुख्यालय टू के पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार ने नगड़ी थाना क्षेत्र दलादिली का सुरक्षा का निरीक्षण किया। चौक के किनारे बिल्कुल सुनसान और शांत माहौल नजर आया। दलादिली क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोगों से प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। साथ ही स्थानीय पुलिस को कई दिशा-निर्देश दिये।

मौके पर पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि क्षेत्र के कुख्यात अपराधी मनीष गोप के अलावे दर्जनों भू-माफियाओं और आदतन अपराधियों पर सीसीए लगा दिया है। अब उन्हें रोजाना नगड़ी थाना में हाजरी देने का आदेश दिया है। इसके अलावे नगड़ी थाना क्षेत्र के जमीन बिचौलियों की सूची बनायी जाएगी और उनकी गतिविधियों पर पूरा ध्यान नगड़ी पुलिस रखेगी। साथ ही अगर वे लीक से हटकर काम करेंगे तो उन्हें जिलाबदर किया जाएगा। नगड़ी अंचलाधिकारी और नगड़ी थाना प्रभारी की टीम नगड़ी थाना परिसर में सप्ताह में एक दिन जमीन संबंधी वाद विवाद का निपटारा करेगी।

पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा जमीन कारोबारी अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा पुलिस उन्हें जेल भेजने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने दलादिली सहित इसके आसपास के लोगों से कहा कि दलादिली चौक में रिंग रोड के चारों ओर में कोई भी अब दुकान नहीं लगाएगा अन्यथा पुलिस कानून सम्मत उचित कार्यवाही करेगी।

## नगड़ी पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार ने नगड़ी थाना के देवरी निवासी सह वर्तमान में पता हाई स्कूल मोहल्ला नगड़ी सिद्दिक अंसारी का पुत्र मुस्तफिज अंसारी उर्फ गुड्डू अंसारी, पिता सिद्दिक अंसारी जो एक मामला में वारंटी था, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## दलादिली व तिलता चौक हुआ अतिक्रमणमुक्त

अभियान के दूसरे दिन काठीटांड़ चौक, रातू चट्टी, हाजी चौक, ब्लॉक रोड से भी हटेगा अतिक्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के नियंत्रण को लेकर हेडक्वार्टर टू के डीएसपी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में सोमवार को जमीन दलालों एवं अवैध तरीके से अतिक्रमण कर आपराधिक छवि वाले लोगों के अड्डाबाजी करा रहे होटलों एवं झुग्गी-झोपड़ी व गुमटियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अवैध तरिके से संचालित सभी होटलों एवं गुमटियों को हटा दिया गया। पहले दिन चले इस अभियान में थाना क्षेत्र के तिलता चौक एवं दलादिली चौक में संचालित सभी दुकानों में डीएसपी का चाबुक चला। दलादिली चौक में दो दिन लगने वाले साप्ताहिक हाट को भी तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए बंद करा दिया गया। इस अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जमीन का काम करने वाले कई जमीन दलालों को भी पूछताछ के लिए थाना लाया गया। डीएसपी प्रवीण सिंह ने बताया कि इन जमीन दलालों को थाना में लगातार हाजरी लगानी होगी। उन्होंने कहा कि ज्यादातर आपराधिक घटनाएं जमीन विवाद या फिर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के साथ ही घट रही हैं। ऐसे में अंचल कार्यालय व स्थानीय थाना के गतिविधियों पर भी पूरी निगरानी रखी जाएगी। अंचल कार्यालय एवं थाना परिसर में नाजायज तरीके से मजमा लगाने वाले जमीन कारोबारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इनको प्रश्रय देने वाले अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला के बाहर सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा।

डीएसपी प्रवीण सिंह ने बताया कि अभियान के दूसरे दिन काठीटाड़ चौक, रातू चट्टी, हाजी चौक, ब्लॉक रोड से भी असमाजिक तत्वों को जमावड़ा कराने वाले अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा। अभियान में एसआई चमरा मिंज, एसआई अमरनाथ सोनी, अंजन कुमार, बादल दास सहित दर्जनों पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## रातू तिलता सोडा फाउंटेन रेस्टूरेंट में पुलिस ने मारा छापा



शराब पीते कई लोगों को पुलिस ने पकड़ा, रेस्टूरेंट संचालक फरार, शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता स्थित सोडा फाउंटेन रेस्टूरेंट में पुलिस ने शराब पीते कई लोगों को पकड़ा। छापामारी की सूचना पर वहां हड़कंप मच गया। छापेमारी होता देख रेस्टूरेंट संचालक फरार हो गया। पुलिस एक दर्जन से अधिक लोगों को थाना लाकर पूछताछ कर रही है। डीएसपी प्रवीण कुमार ने क्राइम कंट्रोल को लेकर सोमवार की शाम 4 बजे तिलता, दलादिली, हाजी चौक व रातू चट्टी में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों संदिग्ध लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। इस दौरान तिलता स्थित सोडा फाउंटेन रेस्टूरेंट में तलाशी अभियान चलाया। जहां दर्जनों लोग शराब पीते पकड़े गये। छापेमारी होता देख होटल संचालक फरार हो गया। पुलिस शराब को जब्त कर थाना ले आयी है।

## जीपी हाइस्कूल के बच्चों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्द्धा में पांचवी वर्ग के दो छात्र शशि मुंडा और नीरज बेदिया ने जीता गोल्ड



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर मध्य व उच्च विद्यालय हेसल अनगड़ा के छात्रों ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक झटक कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। साथ ही विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मालूम हो कि 23वीं झारखण्ड राज्य जूनियर एवं सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता 4 से 6 अगस्त तक धनबाद में आयोजित गयी थी। इस प्रतियोगिता में जीपी मध्य व उवि हेसल अनगड़ा के पांचवी वर्ग के छात्र शशि मुण्डा एवं रोहित बेदिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को खेल और खेल भावना को आगे बढ़ाने और स्कूल में अधिक से अधिक खेल प्रतियोगिता आयोजित करने पर बल दिया। प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि विद्यालय से अधिक से अधिक खिलाड़ी तैयार कर नेशनल और इंटरनेशल स्तर तक पहुंचाना लक्ष्य है। उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इससे पूर्व भी स्कूल के बच्चों ने जिला व राज्य स्तर पर आयोजित फुटबॉल व अन्य प्रतिस्पर्द्धाओं में पदक जीतकर स्कूल के मान को बढ़ाया है। यह भी ज्ञात हो कि जीपी हाई स्कूल के विद्यार्थी खेल के साथ-साथ मैट्रिक की परीक्षा में भी जिला एवं राज्य स्तर पर लगातार टॉप टेन में स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं।

## ईंट लदा ट्रक पलटा, चालक की मौत, चार घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना क्षेत्र के बोबरो मोड़ के समीप सोमवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे ईंटों से लदा एक टर्बो ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक की नीचे दबने से मौत हो गई। वहीं ट्रक में सवार चार लोग घायल हो गए। इधर मृतक चालक की पहचान रांची जिला के बुढ़मू थाना क्षेत्र के साड़म गांव निवासी रूमेश नायक (24) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में संदीप नायक (20), रोहित नायक (18) व मनोज नायक (29) तीनों ग्राम साड़म गांव बुढ़मू के निवासी हैं। वहीं दुर्गा लोहरा बोगरो टिकरा बेड़ो का निवासी है। सूचना मिलने पर नरकोपी थाना प्रभारी अभिजीत कुमार स्थल बल घटनास्थल पर पहुंचे व चारों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। साथ ही कड़ी मशक्कत कर ट्रक के नीचे दबे चालक को बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## मातृत्व वंदना के पोषक आहार के नाम पर ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए ग्रामीण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जमनी गांव में मातृत्व वंदना के पोषक आहार के नाम पर आने वाले कॉल का खौफ इस कदर फैला हुआ है कि लोग नए नंबर से आने वाले फोन कॉल रिसीव करने में डरने लगे हैं। क्योंकि इस गांव में पोषक आहार के नाम पर कुछ ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड का धंधा शुरू कर दिया है और उनके झांसे में आकर जमनी गांव के दो लोगों ने अपनी खून पसीना की कमाई गंवा दी है। वहीं गांव में लोगों को फोन कॉल वाले ठग की दहशत है। ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार हुए लोगों का कहना है कि उनके मोबाइल पर कॉल आया था। जिसमें फोन करने वाले शख्स ने कहा कि वह बाल विकास परियोजना से बोल रहा है, आपका आंगनबाड़ी के माध्यम से मातृत्व वंदना का पैसा आपके खाता में आएगा। साथ ही कॉल करने वाले शख्स ने बच्चे व मां सहित सभी की जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों से गूगल पे या फोन पे से एक हजार रुपये भेजने की बात कहकर उनके मोबाइल की जानकारी मांगी। जैसे ही ग्रामीणों ने फोन पे नंबर बताया उनके खाते से राशि कट गई। इधर कॉल करनेवाले शख्स का गांव के सात लोगों को पोषक आहार के नाम का कॉल आ चुका है।

## जशपुरिया स्कूल में भारतीय मूल्यों व अत्याधुनिक तरीके से बच्चों को दी जायेगी शिक्षा

जशपुरिया पब्लिक स्कूल बीसा संचालन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जशपुरिया पब्लिक स्कूल बीसा के संचालन समिति के सदस्यों की बैठक सोमवार को विद्यालय प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने की। बैठक में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही कमेटी का विस्तार किया गया। निर्णय हुआ कि वर्ष 2024 तक स्कूल को पूर्ण रूप से पेपरलेस कर दिया जाएगा। इसकी तैयारी चल रही है। साथ ही गुणात्मक शिक्षा के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। बच्चों का भविष्य गढ़ने को लेकर दिशा और दृष्टि प्रदान करने शिक्षा दी जाएगी। न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा घर घर देने का सामूहिक संकल्प लिया गया। 'मिशन चन्द्रगुप्त' लांच, आईआईटी जेईई, एनडीए, एनईईटी, सीएलएटी, सीयूटी सहित अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की तैयारी कक्षा 6 से ही कराने की कार्य योजना प्रस्तुत की गई। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि स्कूल में भारतीय मूल्यों व अत्याधुनिक तरीके से बच्चों को शिक्षित किया जाएगा।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक हर्ष राज, प्रिंसिपल शालिनी प्रिया, संजय नायक, गेतलसूद मुखिया शांति मुण्डा, बीसा मुखिया मंजोती देवी, रोहित बेदिया, गौरीशंकर मुण्डा, उपमुखिया संजय भोगता, बसंती बड़ाईक, कपिल बड़ाईक, गणेश दास गोस्वामी, राजेश लोहरा, बिगेश्वर महतो, दिगंबर दास गोस्वामी, सुमित कुमार बड़ाईक, चंदन बड़ाईक, विक्रम बैठा, मनोज कुमार गोसाई सहित अन्य उपस्थित थे।

## बिमल उरांव बने राज्य सभा सांसद प्रतिनधि



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बड़काटोली कुंबा टोली निवासी व भाजपा के वरिष्ठ नेता बिमल उरांव को राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। बिमल के सांसद प्रतिनिधि बनने पर भाजपा नेता कामेश्वर महतो, अखौरी नीरज कुमार, राजेश सिंह, इमरान खान, रूपेश गोप, जेम्स बांड खलखो, अमित तिवारी, कृष्णा भगत, मुकेश भगत, संजय राय, ईश्वर गोप, कृष्णा उरांव, राहुल सिंह, सुबोध साहू, हजारी प्रसाद, शिवपूजन, अमित गोप, जीवन मिर्धा, चन्द्रनाथ महतो आदि लोगों ने बधाई दी है।

## जनसहयोग से की गयी इटकी बाजार परिसर में व्याप्त गंदगी की सफाई

इटकी (आजाद सिपाही)। सड़ी हुई सब्जी व कचरे के अंबार से ग्रामीण व बाजार हाट करने वाले लोग त्रस्त थे। जिससे पूरा बाजार बजबजा रहा था। बाजार परिसर की जन सहयोग से सफाई की गयी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता लाला खान के नेतृत्व में परिसर में व्याप्त कीचड़ व गंदगी को एकत्रित किया गया। उसे ट्रैक्टर में लादकर बाहर ले जाया गया। ज्ञात हो कि बजबजाती कीचड़ व दुर्गंधयुक्त गंदगी से लोगों को बाजार परिसर में पैदल चलना भी दूभर सा हो गया था।

**कार्यक्रम :** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला आयोजित

## कार्यक्रम की सफलता ही वीरों की श्रद्धांजलि है : डॉ प्रवीण कुमार

सभी गांव में मंगलवार को विशेष ग्राम सभा कर अमृत वाटिका के तहत 75 पौधों का रोपण किया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश, मिट्टी से प्रेम और वीरों के सम्मान का प्रतीक है। हमारा देश वीरों की धरती है। बेड़ो प्रखंड भी वीरों की धरती है इसलिए यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी गांव के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सभी गांव में मंगलवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर गांव में अमृत वाटिका जिसके तहत 75 पौधों का रोपण किया जाएगा। वहीं इसकी विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक गांव में बनने वाले अमृत वाटिका में एक शिलापट्ट भी बनाया जाएगा, जिसमें प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानी, देश के लिए शहीद होने वाले वीरों का नाम अंकित कर उन्हें सम्मान एवं श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्रत्येक गांव से मिट्टी को 13 अगस्त तक प्रखंड लाया जाएगा। मिट्टी प्रखंड स्तर पर एक जगह जमा करते हुए इसे दिल्ली में स्थित कर्तव्य पथ में भेजा जाएगा। प्रत्येक ग्राम सभा में शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया जाना है। हमारा देश अभी अमृत महोत्सव के सुनहरे दौर से गुजर रहा है इसलिए प्रत्येक गांव में अमृत वाटिका का निर्माण भी इस कार्यक्रम का एक हिस्सा है। अमृत वाटिका के तहत अमृत सरोवर के किनारे पौधों का रोपण किया जाना है। जिन गांवों में अमृत सरोवर का निर्माण ना हुआ हो वहां किसी सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन या अन्य जलाशय के किनारे पौधरोपण किया जाना है। 15 अगस्त को सभी अमृत वाटिका में झंडोत्तोलन कर पौधरोपण किया जाएगा और हाथों में दीप लेकर शपथ लेने का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया। मौके पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक, फारुक नदीम, बीपीओ संजय तिर्की, विजय यादव, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक जनसेवक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## टाटीसिलवे शाखा ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा सह प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची के बढ़ते कदम के अंतर्गत एक्यूप्रेशर चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सोमवार को ओरमांझी ब्लॉक चौक मैदान में एक्यूप्रेशर चिकित्सा सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजकिशोर महतो ने किया। शिविर में डेढ़ सौ मरीजों का इलाज एवं 50 मरीजों को प्रशिक्षण किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ मधुसूदन पांडे ने कहा कि एक्यूप्रेशर आदि काल से चली आ रही प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति है। जिसका प्रचार-प्रसार विस्तार की आवश्यकता है। कहा कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा के द्वारा जटिल से जटिल बीमारियों का निदान (मौसमी बीमारी) जैसे आंख आना, चेचक का निदान एक प्रेशर पॉइंट के द्वारा एवं आंखों पर ठंडा तेल लगाकर किया जा सकता है। शिविर में कमर दर्द, गठिया, सर्वाइकल, फिलिप डिश, शुगर, थायराइड, पेट दर्द, बांझपन, बीपी इत्यादि के कई मरीज शामिल थे। शिविर को सफल बनाने में डॉ बलराम महतो, डॉ महेश प्रजापति, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ कुंती कुमारी, पूनम देवी, पृथ्वी चौधरी, निरंजन चौधरी का अहम योगदान रहा।

## जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिन्हा को दी गयी विदाई



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस के मुकेश सिन्हा का स्वागत सह विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुकेश सिन्हा ने अपने कार्यकाल में ओरमांझी प्रखंड में बहुत से कार्यक्रम किए और प्रखंड के विकास में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके विकास के लिए दिन-रात एक कर प्रथम स्थान पूरे झारखंड में दिलाई है। इसके लिए मुकेश सिन्हा को तहे दिल से ओरमांझी के सखी मंडल की ओर से उन्हें दुबारा ओरमांझी प्रखंड में अगुवाई करने का मौका भविष्य में देने की मांग की गयी। कार्यक्रम में प्रखंड एवं जेएसएलपीएस कर्मी और सखी मंडल की दीदियां और स्वयंसेवी संस्था के संस्थापक देवेंद्र नाथ ठाकुर ने भी मुकेश सिन्हा के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में कनीज फातीमा, रोशन सिंह, प्रशांत कुमार, नितेश कुमार, दीप मंडल, मौसमी, संदीप, विजेता, डोली, नारायण, सौम्या, किशुन, रिजवान, तब्बसुम, सोनिया, मोबिन, धनौती, अनीता, कुमीता, कनीज, संगीता, गीता, देवंती, प्रभा, बबीता, मुन्नी, इशरत, शीला, पंचायत सेवक मंडल जी आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह आयोजित



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुस्मिता दास, वैज्ञानिक-डी ने सभी प्रतिभागियों को हथकरघा दिवस की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हथकरघा शिल्पकारों एवं बुनकरों के हुनर को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष 07 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस आयोजित किया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यही है कि हम अपनी दिनचर्या में हथकरघा उत्पादों को शामिल करें ताकि इससे जुड़े समाज के निर्धन वर्ग को आर्थिक लाभ पहुंच सके। कार्यक्रम में डॉ. जे.पी.पाण्डेय, डॉ. के.बी. जेना, कमल किशोर बडोला, आनंद प्रकाश ने हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्थान में हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली में भी आज राष्ट्रीय स्तर पर हथकरघा दिवस आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में झारखण्ड तथा छत्तीसगढ़ के बुनकरों ने भी भाग लिया। संस्थान की ओर से डॉ. एन.बी. चौधरी, निदेशक ने भी दिल्ली में इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## बेड़ो के बारीडीह में सड़क पर धान की रोपनी कर ग्रामीणों ने जताया विरोध




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव के अखरा व मंदिर जाने वाली मुख्य कच्ची सड़क पर जल जमाव व कीचड़ होने से आक्रोशित लोगों ने सोमवार को सड़क पर धान की रोपनी कर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध आक्रोश जाहिर किया। ग्रामीणों का कहना है कि एक दशक से सड़क पर जल जमाव व कीचड़ होने से आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। साइकिल, बाइक को कौन कहे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क के निर्माण को ले कई बार ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन इस सड़क की दुर्दशा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस रास्ते पर कीचड़ होने के कारण स्कूली बच्चों का चलना भी दूभर हो गया है। इस समस्या के निपटारे के लिए ग्रामीणों ने कई बार ग्राम सभा में दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर धान की रोपनी कर विरोध जताया। मौके पर संजीव भगत,कृष्णा लोहरा, सोहराई भगत, माधुरी खलखो, अमिता तिर्की, ईलम देवी, मुन्नी देवी, निशा खाखा, एतवारी उरांव आदि शामिल थे।

## डीसी ने की सामाजिक सुरक्षा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# पेंशन ले रहे अयोग्य लाभुकों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने सोमवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर वृद्धा, दिव्यांग, विधवा, स्वामी विवेकानंद पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी पेंशन योजना की समीक्षा की। इस दौरान डीसी ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद को विभिन्न पेंशन के लाभुकों का शत- प्रतिशत आधार लिंक कराने पर बल दिया। साथ ही सभी पेंशनरों के खाते में समय पर राशि हस्तांतरण सुनिश्चित किए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि जो बीएलओ घर-घर जाकर चुनाव का कार्य कर रहें हैं उनके माध्यम से सभी पेंशन धारियों को वेरीफाई करवायी जा सकती है। इसकी पहल होनी चाहिए। साथ ही सभी लाभुकों का मोबाइल फोन नंबर अपडेशन कराए जाने पर भी बल दिया। उन्होंने वार्षिक सत्यापन में तेजी लाने की बात कही। साथ ही कहा कि अगर कोई अयोग्य लाभुक पेंशन का लाभ ले रहा है तो ऐसे लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। कार्य में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आश्वयक दिशा-निर्देश देते पलामू के डीसी शशि रंजन।

## रेलवे की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं में एमकेडीएवी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अमृत महोत्सव के अवसर पर रेलवे की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, आर्यरत्न , पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जेपी शूर डायरेक्टर पी एस-1 के आशीष की अगुवाई में संचालित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। ये प्रतियोगिताएं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेलवे द्वारा आयोजित थी। विद्यालय की एकादश की छात्रा अदिति ने भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। भाषण प्रतियोगिता में निशा लाठ प्रथम, तृषा शाहदेव द्वितीय एवं स्वाति रानी तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में समर तिवारी प्रथम, अर्पित अनुराग द्वितीय और आदित्य कुमार तिवारी तृतीय स्थान पर रही। चित्रांकन प्रतियोगिता में किसलय सिंह प्रथम, कौस्तुभ कुमार दूबे द्वितीय और आर्या सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इन सभी छात्रों को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने कहा कि इस विद्यालय के छात्र पठन-पाठन के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर विद्यालय का मान बढ़ाते है ।आज के छात्र सामाजिक सरोकार से भी सहकार रखते और देश समाज की प्रगति की समझ रखते हैं। उन्होंने सभी छात्रों, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को भी बधाई एवं शुभकामना प्रदान की। छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षकों में नंदिनी सहाय, प्रियंवदा, अनुश्री, त्रिदीब मंडल, प्रदीप बोराल, अनंत पाठक व कन्हैया राय उपस्थित थे।



## ग्रामीण इलाकों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करना हमारा लक्ष्य : कर्नल संजय सिंह

**कर्नल बिग्रेड स्पोर्ट्स क्लब ने किया खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में इन दिनों ग्रामीण इलाकों के बच्चों को फुटबॉल खेलने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस मुहिम के तहत कर्नल ब्रिगेड के सदस्य हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ग्राम अमही, विश्वसिया, गयाबीघा (देवरी), चंकार कस्तुरी व घघरा में जाकर खिलाड़ियों को फुटबॉल सौंपे और युवाओं को फुटबॉल के गुण सिखाये। भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सह कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र का फुटबॉल से गहरा संबंध है। लेकिन यह खेल यहां धीरे-धीरे विलुप्त होता जा रहा है। जिसे फिर से एक नए मुकाम पर पहुंचाने का संकल्प कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब ने लिया है। हम लोगों का प्रयास है कि हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं को जिला और राज्य स्तरीय टीम में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेलने से क्षेत्र के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। आगामी 23 नवंबर से शुरू होने वाले कर्नल कप फुटबॉल को लेकर इस बार युवा अति उत्साहित हैं। उन्होंने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब का यह मुहिम काफी हद तक सफल होते भी नजर आ रहा है।



## आरोपी युवक पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन : विधायक

- मेदिनीनगर में हिंदू संगठनों ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी पर कार्रवाई मांग को लेकर किया प्रदर्शन
- सनातन धर्म सभा परशुराम सेना युवा वाहिनी ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** छत्तीसगढ़ निवासी नवविवाहिता का धूसरे धर्म के युवक द्वारा धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपी गुरहा गांव निवासी साजिद खान, गुरहा मुखिया और पंचायत सेवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने मेदिनीनगर शहर थाना पुहंचकर प्रदर्शन किया। इस बीच नवविवाहिता आकांक्षा मिश्रा और साजिद खान शहर थाना पहुंचे। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की। बाद में एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर कड़ी सुरक्षा में विवाहिता और लड़के को एसपी ऑफिस लाया गया। दूसरी ओर इस मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज लोगों ने शहर थाना से एसपी ऑफिस तक नारेबाजी करते हुए विरोध मार्च निकाला। सनातन धर्म सभा, श्रीराम सेना, परशुराम सेना युवा वाहिनी के लोगों ने गुरहा मुखिया को गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही एसपी कार्यालय पहुंच कर पलामू एसपी को मांग पत्र भी सौंपा है।

आकांक्षा के माता-पिता और उसके पति ने आकांक्षा की घर वापसी का आग्रह किया है। आकांक्षा के पिता जितेंद्र मिश्रा अपनी बेटी को घर ले जाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि लड़की शादीशुदा थी तो बिना तलाक के उसको भगा कर निकाह करना कानूनन गलत है। वहीं पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड में छत्तीसगढ़ की युवती का धर्म परिवर्तन कराया गया है। इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। नहीं तो जोरदार आंदोलन होगा। दूसरी ओर, इस मामले को लेकर शहर थाना से एसपी कार्यालय तक रोड़ मार्च के उपरांत विभिन्न हिंदू संगठन के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। इसके पूर्व सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि धर्म परिवर्तन के खेल में गुरहा पंचायत के मुखिया और वहां के पंचायत सेवक पर कड़ी कार्रवाई प्रशासन को करने की आवश्यकता है। श्रीराम सेना के पंकज जयसवाल ने धर्मांतरण के घटना को निंदनीय बताया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उधर, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि पुलिस ने महिला और लड़के को सुरक्षा की दृष्टि से अपने पास रखा है। यह मामला छत्तीसगढ़ के सरगुजा का है। जहां थाने में ही एफआईआर दर्ज है। पलामू पुलिस दोनों को छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंप देगी। जहां भी पुलिस को जरुरत होगी पलामू पुलिस मदद करेगी।





## पांकी में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं लगने देंगे : रूद्र शुक्ला



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पांकी विस क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह कांग्रेसी नेता रुद्र शुक्ला ने कहा कि पांकी के तरहसी के गुरहा ग्राम निवासी मो साजिद ने छत्तीसगढ़ की आकांक्षा मिश्रा का अपहरण कर गलत तरीके से अपने घर गुरहा ले आया है। उससे झूठी शादी की और जबरजस्ती धर्म परिवर्तन करना और नाम बदल कर अपने साथ रखना चाहता था। आकांक्षा मिश्रा के परिजन भी उसे वापस ले जाने आए हुए। रुद्र शुक्ला ने कहा कि पांकी विधानसभा में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं लगने देंगे।

## पत्थर खदानों में हो रही ब्लास्टिंग से दहल रहा इलाका, खौफ में जी रहे लोग

- इलाके में कायदे कानून को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं पत्थर उद्योग
- बारूद के दुर्गंध से लोगों को सांस लेना मुश्किल
- शिकायत के बाद भी अधिकारियों के कानों पर नहीं रेंगता जूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** कहते हैं आधुनिकता हमेशा अपने साथ विनाश लेकर आती है। यह कहावत पलामू जिले के छतरपुर क्षेत्र में साफ चरितार्थ होती दिख रहा है। यह हम नहीं, बल्कि इलाके में तेजी से फलते-फूलते पत्थर उद्योग के कारण चीख-चीख कर यह कह रहे छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के करमाकला एवं लोहराही के निवासी। इन इलाके के लोग पत्थर खदान में हादसे में जान तक गंवा चुके है। वहीं माइंस की बात करें तो त्रस्त लोग अब कहने लगे हैं कि जान देंगे, लेकिन माइंस के लिए जमीन नहीं देंगे। आलम यह है कि इलाके में संचालित पत्थर माइंस में नियमों की जमकर धज्जियां उडाई जा रही है। ऐसा नहीं है कि इस मामले की सूचना संबंधित विभाग को नहीं है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर ले-देकर मामला सेट कर दिया जाता है। सूत्र बताते हैं की स्थानीय अधिकारियों और माईनिंग विभाग का तो इस उद्योग में माहवारी बंधा है, जिसके कारण यहां मनमानी चालू है। यही कारण है कि माइनिंग अधिकारी पत्थर माइंस एवं क्रशर मशीनों पर जाने की जहमत भी नहीं उठाते। हालत यह है की पत्थर माइंस एवं क्रशरों के आप-पास रहने वालों का जीना मुहाल है। पत्थर माइंस एवं क्रशर मशीन संचालक द्वारा खुलेआम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। परेशान लोग बताते है कि ब्लास्टिंग से घरों के दीवारे में दरारें आ गई है। बारूद के दुर्गंध से आसपास के लोग सांस संबंधी बीमारी की चपेट में भी आने लगे हैं। लोग यह भी बताते हैं कि बॉस्टिंग से निकलने वाले दुर्गंध हवा में घुलकर राहगीरों सहित आस पास में रहने वाले लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाल डाल रहा है। आलम यह है कि पत्थर माइंस एवं क्रशर मशीनों के आप पास रहने वाले लोगों को न तो शुद्ध हवा मिल पा रही है और ना ही शुद्ध पानी। सूत्रों की मानें तो इलाके में अब लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित भी हो रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि लोग अब जाएं तो जाएं कहां, लोग बताते हैं कि इलाके में होनेवाले माइनिंग का असर अब चापाकल के बोर पर भी पड़ने लगा है ब्लास्टिंग से कई चापाकल बोर भी भसक चुके हैं। यही नहीं माइंस में विस्फोट के बाद उड़ते पत्थर लोगों के शरीर ही नहीं बल्कि आत्मा को भी घायल करने लगे हैं। सवाल है कि बेबस इंसान किससे न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाए। इलाके में ग्रामीणों के साथ माइंस वालों की झड़प भी होती रहती है और इसकी कीमत प्रशासन की मिलीभगत से निरपराध लोगों को जेल जा कर चुकानी उड़ती है। अगर शीघ्र ही इन गतिविधियों पर लगाम नहीं लगाया गया तो इलाके पर गंभीर पारिस्थिकीय खतरा भी मंडराने लगा है, जिसे वक़्त रहते ठीक कर लेने की जरूरत है।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## भाजपा नेता ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के देवरी स्थित महुराव खेल मैदान में सोमवार को एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने फुटबॉल को किक मार कर किया। यह फुटबॉल मैच विवाहित बनाम अविवाहित टीम के लोगों के बीच हुआ। जिसे अविवाहित टीम ने 2-0 से जीत लिया। इस पर विनोद सिंह ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन से आपसी सौहार्द को बल मिलता है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में खेल की असीम संभावनाएं है। यहां के युवा खिलाड़ी काफी प्रतिभावान हैं। उन्हें उचित मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। इस मौके पर देवरी कला के मुखिया मनोज भारती, रेफरी के भूमिका में सुरेंद्र चौधरी, दरुवा बेनी पंचायत के मुखिया पति योगेंद्र सिंह, संजय सिंह और मनोज चौधरी आदि मौजूद थे।

## जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डालटनगंज सदर अस्पताल में भर्ती चैनपुर प्रखंड के महुंगावा ग्राम निवासी थेलेसेमिया पीड़ित बच्चे को ओ-निगेटिव रक्त की आवश्यकता थी। इसकी जानकारी मिलने पर सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के छोटे भाई सह डीएवी स्कूल लातेहार के संगीत शिक्षक सूरज मिश्र ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में जाकर रक्तदान कर बच्चे की जान बचाई। मालूम हो कि खून की कमी से पीड़ित थेलेसेमिया पीड़ित बच्चे को ओ निगेटिव बल्ड चढ़ाने के लिए बल्ड बैंक में उस ग्रुप का खून नहीं था। इस कारण पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के छोटे भाई सूरज मिश्र से संपर्क कर रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। लातेहार स्कूल से तत्काल डाल्टनगंज आकर सूरज ने ओ निगेटिव खून देकर बच्चे को रक्त उपलब्ध कराकर जान बचाई । सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। रक्त के जरूरतमंद लोगों के परिजनों को भी अपना रक्त दान करना चाहिए। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए अगर अन्य लोग भी बढ़ चढ़कर सहयोग करते रहेंगे तो फिर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त की परेशानी नहीं होगी। रक्तदाता सूरज मिश्र का हौसला अफजाई एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि ओ निगेटिव, ए निगेटिव, बी निगेटिव, एबी निगेटिव रक्त जो रेयर ग्रुप होता है, अक्सर बल्ड बैंक में उपलब्ध नहीं हो पाने की स्थिति में मरीजों को रक्त के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बल्ड बैंक में सभी रक्त समूहों का रक्त उपलब्ध कराने के लिए रक्तदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम जारी रहेगा।

# स्पोर्ट्स



पूर्व पाक कप्तान इंजमाम-उल-हक पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर बनाए गए हैं। वे हारून रशीद की जगह लेंगें। रशीद ने पिछले महीने ही अपना पद छोड़ा है। पीसीबी ने सोमवार को एलान किया।

## दूसरी बार संभालेंगे यह पद, हारून रशीद की लेंगे जगह

# पाकिस्तान टीम के चीफ सिलेक्टर बने इंजमाम-उल-हक

एजेंसी

**कराची।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम-उल-हक पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर बनाए गए हैं। वे हरून रशीद की जगह लेंगे। रशीद ने पिछले महीने अपनी पोस्ट छोड़ दी थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को इंजमाम को चीफ सिलेक्टर बनाए जाने का ऐलान किया। 53 साल के पूर्व पाकिस्तानी कप्तान दूसरी बार यह जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। वे 2016 से 2019 तक टीम के चीफ सिलेक्टर रहे चुके हैं। इससे पहले, इंजमाम टीम के कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा रहे।



### एशिया कप के लिए टीम चुनना बड़ी चुनौती

पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम के सामने एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम चुनने की जिम्मेदारी होगी। यह जिम्मेदारी इसलिए भी बड़ी है, क्योंकि इस बार पाकिस्तान ही एशिया कप की मेजबानी कर रहा है। ऐसे में इंजमाम को ऐसी टीम चुननी होगी, जो ट्रॉफी जीत सके। पिछले एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तानी टीम को श्रीलंका के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी थी। एशिया कप का मौजूदा सीजन 30 अगस्त से पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल जिता चुके हैं

इंजमाम उल हक पहले भी पाकिस्तान के सिलेक्टर रहे हैं। इंजमाम ने 2016 से 2019 के बीच यह पदभार संभाला। तब पाकिस्तान ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2 महीने बाद शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए संभावित खिलाड़ियों को चुन लिया है। वर्ल्ड कप स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स शामिल हो सकेंगे। पीसीबी के थिंक टैंक (एक्सपट्र्स) ने इसके लिए 13 प्लेयर्स तय कर लिए हैं। बाकी बची दो जगह पर भी 6 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट किए हैं। टीम जारी करने की डेडलाइन 5 सितंबर है, उससे पहले शॉर्टलिस्ट किए गए 6 में से 2 खिलाड़ियों को शामिल कर फाइनल स्क्वॉड जारी कर दिया जाएगा

## सनराइजर्स हैदराबाद के हेड कोच बने डेनियल विटोरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व कीवी कप्तान डेनियल विटोरी आइपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के चीफ कोच बनाए गए हैं। हैदराबाद ने सोमवार को विटोरी के हेड कोच बनाए जाने का ऐलान किया है। एक सोशल पोस्ट के जरिए विटोरी को हेड कोच बनाए जाने का ऐलान किया। फ्रेंचाइजी ने ब्रायन लारा के साथ 2 सीजन तक चले कॉन्ट्रैक्ट को समाप्त कर दिया। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी दूसरी बार सनाइडर्स हैदराबाद टीम के कोच बन रहे हैं। वे 2014 से 2018 तक कोचिंग दे चुके हैं। बतातें चलें कि इस समय डेनियल विटोरी इंग्लैंड की टी-20 लीग द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स टीम को कोचिंग दे रहे हैं। विटोरी के पास कोचिंग का अच्छा खासा अनुभव है। उनकी कोचिंग में एसएच ने आइपीएल 2015 में प्लेऑफ और 2016 के फाइनल में जगह बनाई थी। विटोरी ऑस्ट्रेलियन टीम के साथ बतौर असिस्टेंट कोच भी काम कर चुके हैं। वे स्पिन कोच के रूप में बांग्लादेश के साथ भी थे। लारा से अलग होने पर एसएच ने कहा कि लारा को सनराइजर्स में योगदान के लिए धन्यवाद। हम आपके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। लारा पिछले सीजन में टॉम मूडी की जगह टीम के हेड कोच बने थे। पहले वे बैटिंग कोच थे।

# एसबीआइ के ग्राहक सेवा केंद्र में दिनदहाड़े डाका, गोलियां बरसाते फरार हुए डकैत

## कतरास के कंचनपुर स्थित रामपुर की घटना, शोर मचाने पर 70 वर्षीय वृद्ध महिला की पिटाई

**35 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन व अन्य सामान लूट कर बाइक से हुए फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत के रामपुर स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में सोमवार को दिनदहाड़े हथियारबंद दो अपराधियों ने धावा बोल दिया। हथियार का भय दिखाकर संचालक व ग्राहक को कब्जे में लेकर 35 हजार रुपये नगद, मोबाइल फोन व अन्य सामान लूट कर चलते बने। भागने के क्रम में अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से तीन राउंड फायरिंग भी की। इस दौरान अपराधियों ने केंद्र में आये ग्राहकों के साथ भी मारपीट की। उधर, घटना की सूचना पाकर कतरास पुलिस और भेलाटांड़ एसबीआई शाखा के प्रबंधक भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा बताए गए स्थल से पुलिस ने खोखा भी बरामद किया है। फिलहाल पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।







एसबीआइ के ग्राहण सेवा केंद्र में लूटपाट के बाद पूछताछ करती पुलिस। मौके से बरामद कारतूस का खोखा। डकैतों की पिटाई से पीड़ित महिला।

**ऐसे हुई वारदात:** घटना के संबंध में बताया जा रहा कि प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी रामपुर उपरतल्ला में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का कार्य सुचारू था। इसी बीच दोपहर 12.30 बजे हेलमेट पहने दो अपराधी केंद्र में दाखिल हो गए। एक अपराधी ने संचालक भावेश महतो, जबकि दूसरे ने ग्राहकों को हथियार का भय दिखाकर कब्जे में ले लिया। भावेश से अपराधियों ने कैश की मांग की। आनाकानी करने पर भावेश पर अपराधियों ने फायरिंग कर दिया। हालांकि उन्होंने किसी तरह खुद को बचा लिया और गोली दीवार में जा लगी। इसके बाद अपराधियों ने दराज में रखे 35 हजार रुपये नगद निकाल लिये। इसी दौरान केंद्र में आई कपूरिया बांधडीह निवासी 70 वर्षीय रीना देवी ने शोर मचाना चाहा तो अपराधियों ने उसके साथ भी मारपीट की। इसके बाद दोनों अपराधी केंद्र से नीची उतरे और बाइक पर सवार होकर पासिटांड़ के रास्ते पतराकुल्हि होते हुए महुदा की ओर भाग गए।

## स्थानीय लोगों को ट्रक लोडिंग में रोजगार देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला ओसीपी परियोजना लोडिंग पॉइंट में रंगदारी के विरोध एवं स्थानीय लोगों को ट्रक लोडिंग में रोजगार देने की मांग को लेकर दलित सेना के बैनर तले सोमवार को कोलियरी कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल नोनिया अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दलित सेना के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार पासवान ने कहा कि लोडिंग पॉइंट में परियोजना प्रभावित दलित समुदाय को ट्रक लोडिंग के काम में शोषण किया जा रहा है। ट्रक लोडिंग में दबंग लोगों का कब्जा है। लोडिंग के लिए आने वाले ट्रक में अलग-अलग जगह सैकड़ों रुपए की उगाही की जा रही है। सिर्फ कांटा घर में ट्रक वजन कराने के नाम पर प्रति ट्रक 800 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। पूर्व में भी संगठन की ओर से दलित एवं कमजोर वर्ग से जुड़े लोगों को सीधे ट्रक लोडिंग में शामिल करने की मांग की गयी थी पर बीसीसीएल प्रबंधन की मिलीभगत से परियोजना में दबंगों का कब्जा हो गया है। इसकी सूचना पाकर बस्ताकोला कोलियरी कार्यालय में प्रबंधन ने दर्जनों सीआईएसफ बल की तैनाती कर दी। परियोजना पदाधिकारी एके शर्मा ने आक्रोशित समर्थकों से वार्ता किया। कहा कि स्थानीय लोगों को ट्रक लोडिंग के काम में रोजगार देने को लेकर प्रबंधन पूरी तरह आश्वस्त है। पूरे मामले की जानकारी लेकर भविष्य में आने वाले डीओ ट्रक लोडिंग के काम में उन्हें रोजगार देने का प्रयास किया जाएगा। उधर, प्रबंधन के आश्वासन पर आक्रोशित लोग शांत हुए। इस मौके पर बबलू भुइया, चेतन चौहान, उमेश चौहान, दीपक तुरी, मनोज पासवान, सोनू चौहान, महेंद्र कुमार, सचिन कुमार, काजल देवी, पार्वती देवी आदि थे।

उधर, बस्ताकोला कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी एके शर्मा ने कहा कि कांटा घर में अवैध वसूली की कोई जानकारी नहीं है। शिकायत होने पर प्रबंधन से संपर्क करें। कार्रवाई जरूर होगी।

## निरसा विधायक ने किया पब्लिक प्रतिक्षालय, रसोई शेड और भोजन कक्षा के निर्माण कार्य का शिलान्यास



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन ओपी प्रांगण में निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने सोमवार को एक पब्लिक प्रतिक्षालय, रसोई शेड और भोजन कक्ष के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। निर्माण कार्य जिला के डीएनएफटी फॉंड से किया जाएगा, जिसकी कुल लागत राशि 24 लाख 52 हजार रुपये हैं। शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद निरसा विधायक का स्वागत ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव ने किया गया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रविंद्र साहनी, दीपा दास, राहुल तिवारी, अखिलेश तिवारी, दीनबंधु महतो, मिथिलेश कुमार, अफजल खान आदि उपस्थित थे।

## महुदा में डंके की चोट पर अवैध कोयले की तस्करी जारी



**महुदा (आजाद सिपाही)।** कई चरण की सख्ती व रोक के बावजूद महुदा थाना क्षेत्र के पादुगोड़ा पंचायत व हांथडीह पंचायत क्षेत्र में हनक के साथ अवैध कोयले की तस्करी जारी है। इन पंचायत क्षेत्रों के कई इलाकों में बिसीसीएल के बंद पड़े माइंस के मुहनो को जेसीबी मशीन से खोल दिया गया है। वन विभाग के दर्जनों बड़े-बड़े पेड़ो को काट कर अवैध कोयले की तस्करी के लिए रास्ता बनाया गया है। इनमें कोल माफिया, पुलिस प्रशासन, सीआइएसएफ व संबंधित कोल कंपनी की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। इस गठजोड़ की मदद से इलाके में कोयले का अवैध कारोबार एक बार फिर परवान चढ़ता दिख रहा है।

## मनुष्य में जन्म मिला है, दूसरों की मदद करें : खड़ेश्वरी बाबा



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** मनुष्य में जन्म मिला है, तो उसका भरपूर उपयोग करें और दूसरों की मदद करें। दूसरे की मदद करने से भगवान भी खुश होते हैं। उक्त बातें श्री लाल बाबा गिरी उर्फ धतूरा बाबा उर्फ खड़ेश्वरी बाबा ने सोमवार को गोमिया में कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं करना चाहिए और जो दूसरों को परेशान करता है या उसके लिए बुराई करता है। वह व्यक्ति यह नहीं जानता है कि वह जिस प्रकार से दूसरे के लिए गढ़ा खोदने का कार्य कर रहा है, एक दिन उस गढ़े में खुद भी गिर जाएगा। भगवान ने स्वथ्य व सुंदर शरीर दिया है तो उसे सुंदर कार्यों में लगाना चाहिए और आनंद पूर्वक जीवन जीना चाहिए।

# निरंजन के हत्यारे को पुलिस पकड़ लेती, तो धनंजय की नहीं होती हत्या : रागिनी सिंह

**15 अगस्त तक झरिया में अपराध पर अंकुश नहीं लगा तो भाजपाई करेंगें झरिया बंद : जिलाध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/धनसार।** झरिया में बढ़ते अपराध, पानी और बिजली सहित पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ भाजपा अब आक्रामक रुख अपनाने को तैयार है। इस बाबत सोमवार को झरिया के कतरास मोड़ के सिंह मेंशन स्थित भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर जिला पदाधिकारियों सहित रागिनी सिंह ने आंदोलन की रूप रेखा से पत्रकारों को अवगत कराया। जिला महानगर कमेटी के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि झरिया में बीते कुछ दिनों से अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।





जिस पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन बुरी तरह विफल होती दिख रही है। लगातार भाजपा समर्थकों को निशाना बनाकर उनकी हत्या की जा रही है। राजनीतिक हत्याएं हो रही है। इसके अलावे पानी, बिजली से यहां की जनता को वंचित रखा जा रहा है। बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए कुछ उपाय नहीं किये जा रहे हैं। प्रशासन को चेतावनी देते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि अगर 15 अगस्त तक अपराध पर अंकुश नहीं लगा तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। अगर इतने में भी प्रशासन नहीं चेती तो झरिया विधानसभा को पूरी तरह बंद किया जाएगा। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि यहां आम लोगों का रहना दूभर हो गया है। अपराधी घर में घुसकर परिजनों के सामने हत्या कर रहे हैं। पूर्व में भाजपा समर्थज निरंजन तांती की हत्या कर दी गयी। रागिनी ने कहा कि अगर निरंजन तांती के हत्यारों को पुलिस पकड़ लेती तो आज धनंजय यादव की हत्या नहीं होती। लेकिन इन सब बातों पर पुलिस सत्तारूढ़ नेताओं के के दबाव में चुप्पी साधे हुए है। इससे अपराधियों का मनोबल बढता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द से जल्द सभी वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करे नहीं तो 15 अगस्त के बाद पूरे झरिया का चक्का जाम कर दिया जाएगा। इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष मानस प्रसून, महामंत्री नितिन भट्ट, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, महावीर पासवान, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, अरुण साव, विष्णु त्रिपाठी, राजकिशोर जैना, अखिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

## अधिवक्ता संघ का चुनाव 19 को, अब तक 19 ने भरा पर्चा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** आगामी 19 अगस्त को होने वाले जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर जहां एक ओर कोर्ट परिसर में सरगर्मी तेज हो गयी है। वहीं सोमवार को नामांकन के पहले दिन कई अधिवक्ता उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा खरीदने के साथ ही विभिन्न पदों को लेकर कई उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। अधिवक्ता संघ भवन के चुनावी कार्यालय में मेंबर ऑफ इलेक्शन कमिटी व सहायक मेंबर्स ऑफ इलेक्शन कमिटी के सदस्यों की उपस्थिति ने उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।



नामांकन के पहले दिन विभिन्न पदों पर कुल 19 प्रत्याशियों ने दावेदारी करते हुए नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान नामांकन के पहले दिन जहां अध्यक्ष पद के लिए निर्वतमान अध्यक्ष प्रकाश सहाय, उपाध्यक्ष पद के लिए केशव कुमार दराद व बालगोविंद साहू, महासचिव पद के लिए उमेश चंद्र त्रिवेदी, संयुक्त सचिव प्रशासन पद के लिए शिवेंद्र कुमार सिन्हा व दशरथ प्रसाद, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पद के लिए सुभोनिल समांता व सुनीता कुमारी, कोषाध्यक्ष के लिए धीरज कुमार सिन्हा व शिव कुमार गुप्ता ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के लिए चंदन कुमार सिन्हा, जयंत कुमार सिन्हा, दिनेश प्रसाद शर्मा, सादकत हुसैन, भूनेश्वर महथा, शशांक शेखर, बिनोद कुमार यादव, बिनोद कुमार पासवान व बलराम राम ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान विभिन्न पदों के लिए नामांकन पर्चा भरने के क्रम में उम्मीदवारों ने अपने अपने पक्ष मतदान करने की अपील की।

## शिवालयों में बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन और उसके समीपस्थ क्षेत्र में पांचवीं सोमवारी को भी भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शिवालयों में उमड़ी दिखी। सभी शिवालयों में सुबह से ही शिव के भजन की प्रस्तुति ध्वनि विस्तारक यंत्र से होने से पूरा माहौल शिवमय हो गया था। सभी शिवालयों में पूजा के लिए महिलाएं सुबह से ही पहुंचने लगी थी।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(कल्याण शाखा)**

**सूचना**

पी0आर0संख्या– 303541 द्वारा राँची जिलान्तर्गत कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में अंशकालीन शिक्षकों का चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं, जिसमें शर्तें एवं पात्रता की सूचना दी गई है । उक्त सूचना के अनुसार दिनांक 21.8.2023 को पूर्वाहन 11.00 बजे से अन्तर्वीक्षा की तिथि अंकित हो गया है, जिसे संशोधित कर दिनांक 12.9.2023 को पूर्वाहन 11.00 बजे से अन्तर्वीक्षा की तिथि निर्धारित किया जाता है। शेष यथावत रहेंगे ।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,
राँची।

PR 304178 (Welfare) 23-24 (D)

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 19/2023-24 PR No- 303880 (District) 2023-24(D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे | 05.08.2023 अपराह्न 6:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 10.08.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 12.08.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 11.08.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक | 14.08.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 12.08.2023 अपराह्ण 04:00 बजे | 16.08.2023 अपराह्ण 04:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 304155 District(23-24)#D

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2023 को ग्राम–जिरमी, थाना–कुरूमगढ़, जिला–गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 04:30 बजे अपराह्न 101 पीस साल बोटा को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 101 पीस साल बोटा के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 14.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

–: वन है, तो जीवन है :–

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR 304169 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

**कार्यालय, जिला स्वास्थ्य समिति-अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।**

**सूचना**

पत्रांक 95 /
लोहरदगा, दिनांक 07.08.2023।

लोहरदगा जिला में मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन हेतु दर्पण पोर्टल में निबंधित स्वयं सेवी संस्थाओं को MOU हेतु दिनांक 14 अगतस्त 2023 तक आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्थान विस्तृत जानकारी हेतु अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–
सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति–
अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

PR 304173 (Lohardaga) 23-24 (D)


## कई यूनियनों के पदाधिकारियों ने थामा बीसीकेयू का दामन, नयी कमेटी का गठन

# बीसीकेयू ही कोयला मजदूरों का सच्चा हितैषी : अरूप

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक सोमवार को बरमूरी ओसीपी खदान के समीप हुई। जिसमें जेबीसीसीआई सदस्य सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी शामिल थे। बरमूरी कोलियरी में दो नई कमेटी का गठन भी किया गया। एक कमेटी में चार कोलियरीयों को मिलाकर कमेटी का गठन किया गया जिसमें दिलीप सिंह अध्यक्ष, कुमार साहेब, खोखन रविदास, विनय सिंह उपाध्यक्ष, रामजी यादव सचिव, अशोक सिंह, महेंद्र नौनिया सह सचिव, बैजनाथ यादव और रमेश पटेल को सह सचिव बनाया गया। दूसरी बरमूरी कोलियरी में अलग से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें ओम प्रकाश महतो अध्यक्ष, योगेंद्र चौहान, इयाज खान, मनमामति देवी उपाध्यक्ष, रामानंद राजभर सचिव, सुमेश्वर कुमार, विकास मंडल, योगेंद्र चौहान सह सचिव, भानु प्रताप सिंह, तरुण राय, मुकेश प्रसाद संगठन सचिव, उदय विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, राजू मल्लाह, चंदन साहू, सुलेमान खान, अजय राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। उधर, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पहना कर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मुग्मा एरिया अंतर्गत बमोरी कोलियरी में नई कमेटी का गठन हुआ है। इसके साथ ही चार कोलियरी को मिलाकर नए चेहरे और नए जोश के साथ बीसीकेयू की एक नई कमेटी बनाई गई है। उम्मीह हैं कि बीसीकेयू जिस तरह से मजदूरों की हर समस्या पर लड़ाई लड़ती है उसे नई कमेटी और आगे बढ़ाएगी। साथ ही संगठन को मजबूती के साथ नई धार मिलेगी। आज झामुमो, आरसीएमएस सहित कई यूनियन के पदाधिकारी हमारे यूनियन से जुड़े हैं इससे प्रतीत होता है कि पूरे एरिया में मजदूरों का हितैषी है तो वह सिर्फ हमारा यूनियन बीसीकेयू है। बैठक में आगम राम, कार्तिक दत्ता, शुभम विश्वकर्मा, विनोद यादव, बिल्टू राम, रोशन मिश्रा, राजू घोष, साधन बनर्जी, बादल दा आदि उपस्थित थे।



अरूप चटर्जी का स्वागत करते बीसीकेयू के कार्यकर्ता।



नयी कमेटी के पदाधिकारियों-सहयोगियों के साथ मौजूद अरूप चटर्जी।

## न्यूज रील्स

### जाति में बांट कर चुनाव जीतना चाहते हैं नीतीश: पीके

समस्तीपुर। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने जातीय जनगणना को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो लोग जातिगत जनगणना करवा रहे हैं, इनको समाज की बेहतरी से लेना-देना नहीं है। जातिगत जनगणना तो अंतिम दांव खेला गया है, ताकि समाज के लोगों को जाति में बांटकर एक बार फिर किसी तरह चुनावी नैया पार की जाये।

### आइआरसीटीसी मामले में लालू को लेकर हुई सुनवाई

नयी दिल्ली। रेलवे होटलों के टेंडर से जुड़े आइआरसीटीसी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट दिल्ली में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें सह आरोपियों की तरफ से चार्ज फ्रेम करने पर बहस हुई। अब 16 अगस्त को सुनवाई होगी।

### बिहार में जातीय गणना फिलहाल जारी रहेगी

पटना। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार के जाति-आधारित सर्वेक्षण को बरकरार रखने के पटना हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी है। याचिका एनजीओ 'एक सोच एक प्रयास' की ओर से दायर की गयी थी। अब 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होगी।

## संबलपुर में बाइक और मालवाही ऑटो के बीच जोरदार टक्कर

# एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** रविवार अपरान्ह संबलपुर जिला के बुर्ला थाना अंतर्गत गौशाला-मुंडोघाट मार्ग पर स्थित खगसीपाली गांव के निकट एक मालवाही ऑटो और एक बाइक के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि अन्य दो गंभीर रुप से घायल हो गये।



**पुलिस ने ऑटो और बाइक को किया जब्त :** घायलों को इलाज के लिए बुर्ला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उधर, इस हादसे के बाद मालवाही ऑटो का चालक कहीं फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर सोमवार के दिन मृतक पाणु सामद के शव का पोस्टमार्टम कराने समेत मालवाही ऑटो और बाइक को जब्त किया है।

**बाइक पर सवार थे तीन युवक :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार अपरान्ह संबलपुर जिला कुचिंडा थाना अंतर्गत भोजपुर निकटस्थ बाबेजोर गांव का 21 वर्षीय पाणु सामद, गोविंदपुर थाना अंतर्गत सुनामुंडा गांव का 22 वर्षीय हेमानंद कालो और जुरापाली गांव का बासिल एक्का बाइक से गौशाला से चाऊंरपुर की ओर आ रहे थे, तभी खगसीपाली गांव के निकट सामने से आती एक मालवाही ऑटो के साथ बाइक की भिड़ंत हो गयी।

**इलाज के दौरान हुई बाइक पर बैठे एक युवक की मौत :** इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। इसकी खबर लगते ही गौशाला पुलिस चौकी प्रभारी क्षीरोद बाग समेत अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों घायलों को इलाज के लिए बुर्ला हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान पाणु की मौत हो गयी। बता दें कि ओड़िशा से बीते दिनों सड़क हादसे की कई खबरें सामने आयी हैं। 25 जून की रात को दो बसों की टक्कर से हुई दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि 6 घायल हुए थे। मरने वालों में एक ही परिवार के सात लोग थे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना पर शोक जताया था और मृतकों के परिवार को 3-3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की थी।

# भाजपा विधायक नवचरण मांझी के घर से नाबालिग लड़की का शव बरामद, पंखे से लटक कर दी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रायरंगपुर के भाजपा विधायक नव चरण मांझी के सरकारी क्वॉर्टर से एक नाबालिग बच्ची का पंखे से लटकता हुआ शव बरामद हुआ है। पुलिस ने कहा है कि मृतक लड़की विधायक के बड़े भाई की बेटी है। हालांकि, यह बात अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर नाबालिग बच्ची ने आत्महत्या क्यों की है।

**12वीं कक्षा की छात्रा है विधायक की भतीजी :** खारबेल नगर पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। विधायक नव चरण माझी एमएलए कॉलोनी के डीएस 10/1 क्वार्टर में रहते हैं। विधायक की भतीजी यहां एक महीने से रह रही थी। वह नयापल्ली के एक कॉलेज में 12वीं कक्षा की छात्रा है।

**देर सुबह तक दरवाजा नहीं खोला तो परिवार को हुआ शक**



: परिवार के सदस्यों के अनुसार, उन्होंने उसे शनिवार रात 10 बजे देखा था। इसके बाद लड़की सोने के लिए कमरे में चली गई। परिवार ने यह सोचकर सुबह जल्दी दरवाजा नहीं खटखटाया कि रविवार होने के कारण वह देर से उठेगी। हालांकि, उठने में देरी होने के कारण परिजनों को शक हुआ। परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन लड़की ने दरवाजा नहीं खोला।

**खिड़की से अंदर लटकता हुआ दिखा शव :** इसके बाद परिवार के सदस्यों ने जब खिड़की से कमरे में देखा, तो लड़की का शव पंखे से लटक रहा था। परिवार वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। खारवेलानगर पुलिस की एक वैज्ञानिक टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ऐसा लगता है कि इसमें उसके बारे में बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारी है। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि लड़की सोने से पहले किसी से बात कर रही थी या नहीं। इलाके में लोग लड़की की मौत को लेकर तमाम तरह की बातें कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के पास से सेना ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रहने वाले अबू वहाब अली को बालाकोट सेक्टर के डाबी-बसुनी गांव से गिरफ्तार किया गया है। अली के पास से कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है, जिससे शुरूआती जांच में ऐसा लगता है कि वो अनजाने में सीमा पार कर गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## दिल्ली एम्स के एंडोस्कोपी रूम में आग लगी

नयी दिल्ली। दिल्ली एम्स में सोमवार सुबह करीब 11:55 बजे आग लग गयी। आग एंडोस्कोपी रूम में लगी। ये कमरा इमरजेंसी वार्ड के ऊपर बना हुआ है। हादसे के दौरान अस्पताल में मौजूद लोगों ने मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। एंडोस्कोपी रूम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। अस्पताल के स्टाफ ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित निकालने के बाद फायर ब्रिगेड टीम को आग की जानकारी दी गयी। इसके बाद 13 फायर टेंडर घटनास्थल पर पहुंचे और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## मानहानि केस में वीसी से कोर्ट में पेश हुए गहलोत

जयपुर। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह द्वारा किये गये मानहानि के केस में सोमवार को सीएम अशोक गहलोत दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में वीसी के जरिए पेश हुए। गहलोत को रिवीजन कोर्ट ने राउज एवेन्यू कोर्ट में वीसी से पेश होने व बेल बॉड नहीं भरने की छूट दी थी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 21 अगस्त को मामले की अगली सुनवाई तय की है।

## चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने बंद की सुनवाई

नयी दिल्ली। मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में 9 चीतों की मौत के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र ने कोर्ट को बताया कि चीतों को देश में बसाने में कुछ समस्याएं जरूर हैं, लेकिन चिंता करने जैसा कुछ भी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की दलीलों को स्वीकार करते हुए सुनवाई बंद कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत में चीतों को बसाने के प्रोजेक्ट पर सरकार से सवाल पूछने का कोई कारण नहीं है।




# मधु बाबू पेंशन योजना से जुड़े और 4 लाख से अधिक लाभार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सामाजिक सुरक्षा को महत्व देते हुए नवीन पटनायक ने मधुबाबू पेंशन योजना की परिसीमा को बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस योजना में और 4 लाख 13 हजार लाभार्थियों को शामिल किया है। इसी के साथ योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या 28 लाख 61 हजार से बढ़कर 32 लाख 75 हजार हो गई है। नए हितग्राहियों की पहली पेंशन 15 अगस्त लोक सेवा दिवस के दिन मिलेगी।

**अधिक से अधिक लोगों को योजना में किया जायेगा शामिल :** ग्राम पंचायत मुख्यालयों और वार्ड कार्यालयों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उन्हें पेंशन दी जाएगी। जिला कलेक्टर को शिविर लगाकर हितग्राहियों को पेंशन वितरित करने की सलाह दी गई है। सीएमओ के विभिन्न जिलों के दौरे और सरकार को मिले



फीडबैक के आधार पर अधिक से अधिक लोगों को योजना में शामिल करने का निर्णय मुख्यमंत्री ने लिया है।

**योजना के तहत 28 लाख 61 हजार हितग्राहियों को मिल रहा लाभ :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर 5टी सचिव वीके पांडियन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विकास कार्यों की समीक्षा करने और जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को समझने के लिए विभिन्न जिलों का दौरा किया। इससे लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान होगा। राज्य सरकार मधुबाबू पेंशन योजना के तहत 28 लाख 61 हजार हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान कर रही है।

**लाभार्थियों को प्रति माह इतने का किया जा रहा भुगतान :** बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों, अविवाहित महिलाओं, कोविड के साथ अनाथ हुए बच्चों, एड्स रोगियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में पेंशन दी जा रही है। 79 वर्ष या उससे कम आयु के लाभार्थियों को प्रति माह 500 रुपये और 80 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को 700 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जा रहा है। इसी तरह 40 से 59 प्रतिशत दिव्यांगों को 500 रुपये, 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों को 700 रुपये, 80 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगों को मासिक 900 रुपये पेंशन दी जाएगी। सरकार का मानना है कि योजना में 4.13 लाख अतिरिक्त लाभार्थियों को शामिल करने से राज्य की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

## प्रेमिका को बेटियों समेत गोदावरी में फेंका

गुंटूर। आंध्रप्रदेश के गुंटूर में एक शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर से झगड़ा होने के बाद उसे और उसकी दो बेटियों को गोदावरी नदी में धक्का दे दिया। इस घटना में महिला और उसकी एक साल की बेटी नदी में लापता हो गयी, जबकि 13 साल की लड़की ने प्लास्टिक का पाइप पकड़कर अपनी जान बचायी। उसी ने पुलिस को खबर की।

## गाजियाबाद में लगे पोस्टर को हटाया गया

गाजियाबाद। जिले में विवादित पोस्टर लगाये गये हैं। इन पर लिखा है कि सामान भाई से खरीदें, भाईजान से नहीं। पोस्टरों पर निवेदक के रूप में समस्त हिंदू समाज लिखा है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मीशो ने उद्योग की प्रथम उपलब्धि हासिल की

# लाभ की स्थिति में आनेवाली पहली होरिजंटल भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के एकमात्र टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने आज लाभ की स्थिति में आने वाली भारत की पहली होरिजंटल ई-कॉमर्स कंपनी बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की। इस अभूतपूर्व उपलब्धि ने न केवल भारतीय ई-कॉमर्स के परिवेश में कंपनी की अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि यह मीशो के अभिनव बिजनेस मॉडल का एक मजबूत प्रमाण भी है। कंपनी ने कॉन्सोलिडेटेड पीएटी स्तर पर लाभ की स्थिति हासिल की है, जिसमें इसके सभी प्रभागों और श्रेणियों में इएसओपी सहित सभी लागतें शामिल हैं। पिछले साल लाभ की ओर महत्वाकांक्षी पथ पर आगे बढ़ते हुए मीशो ने उद्योग की यह पहली उपलब्धि अपनी अपेक्षित समय सीमा, जुलाई 2023 से काफी पहले हासिल




कर ली। पिछले 12 महीनों में मीशो ने काफी वृद्धि दर्ज की है। इसके ऑर्डर का वॉल्यूम 43 प्रतिशत बढ़ चुका है और इसे एक बिलियन से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। यह सफलता और भी ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि 85 प्रतिशत ऑर्डर मीशो पर पहले खरीद कर चुके ग्राहकों से मिले हैं, जिससे इसका मजबूत यूजर रिटेंशन प्रदर्शित होता है। मीशो की टू होरिजंटल प्रकृति इससे प्रमाणित हो जाती है कि इस अवधि में नॉन- फैशन श्रेणियों में 120 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हुई है। इस सफलता को जारी रखते हुए पिछले 12 महीनों में ऑर्डर वॉल्यूम और मुद्रा दर में मजबूत वृद्धि के चलते राजस्व में 54 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। मीशो के सीइओ एवं फाउंडर विदित आत्रे ने कहा कि अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि की खुशी मनाते हुए हमें मीशो का लाभ की स्थिति में आने का सपना पूरा हुआ देख कर खुशी व गर्व महसूस होता है। हमारी शुरुआत से ही हम लाखों छोटे व्यवसायों, उद्यमियों और ग्राहकों को सशक्त बनाना चाहते हैं और आज की उपलब्धि पूरे मीशो परिवार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत में लाभ की स्थिति में आने वाले पहले होरिजंटल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के रूप में हम सस्टेनेबल वृद्धि लाने, ई-कॉमर्स को हर किसी तक पहुंचाने और भारत के मुख्य क्षेत्रों की असली क्षमता का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**